

बेंगलुरु में आरसीबी की 50वीं जीत (पेज : 11)

**महापौर ने नवागत निगमायुक्त से मांगी जानकारी**

# निगम को क्षति हो रही है, कितनों को फ्री में दिया पीएम आवास

## चिट्ठी भेजकर कहा इसके लिए दोषी कौन, जांच कराएं और जानकारी दें



**जागरण, रीवा।** रीवा नगरपालिक निगम के महापौर अजय मिश्रा बाबा ने नवागत निगमों युक्त को पत्र लिखकर शहरी पीएम आवास व आईएचएसडीपी योजना अन्तर्गत निर्मित भवनों में बिना राशि जमा कराए हितग्राहियों को आवंटन व इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के नाम सहित उनके विरुद्ध कार्यवाही की जानकारी मांगी है। पत्र में उल्लेख किया है कि वर्ष 2008 में निर्मित आई.एच.एस.डी.पी. योजना के अंतर्गत आवासों का आवंटन बिना निर्धारित न्यूनतम अंशदान राशि तथा तत्पश्चात शेष किस्तें जमा कराए बिना ही किया गया है। मौखिक रूप से यह भी स्पष्ट किया गया था कि उक्त भवनों में अतिक्रमण कर अवैध रूप से लोग निवासरत हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि इससे निगम को करोड़ों की क्षति हो रही है। महापौर ने लेख किया है कि इस संबंध में कार्यवाही हेतु पूर्व में निर्देशित किया गया था, किन्तु आज दिनांक तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। महापौर ने कहा कि जानकारी नहीं देने इस ओर रेखांकित करता है इस गड़बड़ी में विभागीय संलिप्तता की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. भवनों में भी विभिन्न स्थानों से अतिक्रामकों को हटाकर, बिना कोई राशि जमा कराए एवं बिना सक्षम स्वीकृति के आवास आवंटित कर दिए गए हैं। इससे अतिक्रमण को प्रोत्साहन मिल रहा है तथा नगर निगम को गंभीर आर्थिक क्षति हो रही है। उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी अनुसार पीएम आवास योजना की गाइडलाइन में निःशुल्क आवास उपलब्ध कराने का कोई प्रावधान नहीं है। योजना अनुसार स्लम क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों से भूमि रिक्त कराकर उन्हें 2.00 लाख में एवं अन्य पात्र हितग्राहियों को 3.25 लाख अंशदान राशि जमा कराने के उपरांत, सक्षम स्वीकृति पश्चात ही ई.डब्ल्यू.एस. भवन आवंटित करने का प्रावधान है। अतिक्रमणकारियों को आवास आवंटन का कोई प्रावधान नहीं है।

### यह मांगी जानकारी

- दोनों योजनाओं में निर्मित भवनों की कुल संख्या, आवंटित भवनों की संख्या, पूर्ण राशि जमा वाले प्रकरण, किस्त में चल रहे प्रकरण एवं बिना किसी राशि जमा के आवंटित प्रकरणों का विवरण राशि सहित 05 दिवस के भीतर बिन्दुवार प्रस्तुत करें।
- जिन प्रकरणों में अंशदान राशि अथवा निर्धारित किस्तें जमा नहीं की जा रही हैं, उन पर नियमानुसार कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से अवगत कराएं।
- जिन आवासों की किस्तें जमा नहीं हो रही हैं, वे किस अधिकारी/कर्मचारी के कार्यकाल में आवंटित किए गए, यह स्पष्ट जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। आदेश की अवहेलना अथवा विलम्ब के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित कर अवगत कराएं।

# भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर शहर में निकाली गई विशाल शोभायात्रा

## कायस्थ समाज के 80 वर्ष से अधिक उम्र के 20 बुजुर्गों का किया गया सम्मान





**जागरण, रीवा।** भगवान चित्रगुप्त के प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में कायस्थ समाज ने भगवान चित्रगुप्त प्रकटोत्सव का उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर शहर में भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान चित्रगुप्त शोभायात्रा का कई जगह पर स्वागत और पूजन किया गया। शोभायात्रा कोठी शिव मंदिर से प्रारंभ होकर स्टेच्यू चौराहा, प्रकाश चौराहा, शिल्पी प्लाजा, मानस भवन, कॉलेज चौराहा होते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम पहुंची। इस मौके पर नीलेश श्रीवास्तव संध्या श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा भगवान चित्रगुप्त का पूजन एवं आरती के द्वारा किया गया। प्रयागराज से आए हुए अनूप कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीधी जिला अध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव एवं मऊगंज जिला अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव मौजूद रहे। अतिथियों के साथ ही मंच पर अध्यक्ष सुशील खरे, महिला अध्यक्ष कुमुद श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष डॉ दीपक कुलश्रेष्ठ, डॉ विनोद कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा एवं चित्रांश परिवार के अध्यक्ष सुशील खरे ने कायस्थ समाज के 80 वर्ष से अधिक उम्र पार कर चुके और समाज का मार्गदर्शन कर रहे 20 बुजुर्गों का शॉल-श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक डॉ. एस के श्रीवास्तव, आरपी श्रीवास्तव डॉ. विजय श्रीवास्तव, डॉ शैलवाला श्रीवास्तव, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, डॉ. सौरभ सक्सेना, डॉ अक्षय श्रीवास्तव, डॉ आरपी श्रीवास्तव, डॉ ओम प्रकाश श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, के साथ ही कार्य समिति के पदाधिकारी कल्पना श्रीवास्तव, राजेंद्र निगम, पंकज श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, महेंद्र मोहन श्रीवास्तव, अंबर निगम, सतीश निगम, अजय सक्सेना, विवेक वर्मा एड., शैलेंद्र निगम, पूजा श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, ज्ञानचंद निगम, संतोष श्रीवास्तव, संजय खरे, महिला प्रकोष्ठ की सचिव डॉ. नीलम श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मीता निगम, डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव, डॉ माया श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ से मानस श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, अनमोल श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, ईशान खरे आदि युवाओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में सचिन कल्पना श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# शिल्पी प्लाजा के बरामदे, चढ़ाव के किनारों पर दुकानदारों का कब्जा

## ग्राहकों के आने-जाने में उठाना पड़ रही दिक्कत, खड़े रहने भी नहीं जगह



**जागरण, रीवा।** शिल्पी प्लाजा में स्थित बरामदे व चढ़ाव के आसपास दुकानदारों का कब्जा है, इस बाजार का निर्माण करते समय यहां निर्मित बरामदे दुकान में आने वाले ग्राहकों की सुविधा के मद्देनजर निर्मित किए गएथे ताकि यहां आने वाले खरीदार बरसात और धूप से बचने इन बरामदों का उपयोग कर सकें, वहीं चढ़ाव के आसपास भी ग्राहकों के लिए स्थान छोड़ा गया था किन्तु यहां लंबे समय से इन बरामदों में जहां साड़ी, चुनरी ओढ़े दुकानदारों के पुतले खड़े हैं वहीं दुकानदारों का सामान भी जमा है। चढ़ाव के आसपास भी दुकानें सज गई हैं। जिससे यहां आने वाले ग्राहकों को इस भीषण गर्मी और तपती धूप से राहत पाने कुछ देर खड़े रहने की भी जगह नहीं रहती। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार इससे अनभिज्ञ हैं, पूर्व में भी कई व्यापारी इसकी शिकायत कर चुके हैं, जनता भी मौखिक रूप से निगम को सूचना दे चुकी है, किन्तु दुकानदारों के पुतले, सामान आदि यथावत बरामदे और चढ़ाव के समीप ही सज रहा है।

# सिरमौर चौराहे पर फूटी पेयजल पाइप लाइन

## दोपहर से सुधार कार्य शुरू, रात तक नहीं हो पाया, चौराहे में भरा पानी




**जागरण, रीवा।** सिरमौर चौराहे पर पेयजल पाइप लाइन पिछले कई दिनों से फूटी थी, जिसकी वजह से जल प्रदाय के दौरान पानी सड़क खोदकर बाहर निकल आता था, जिससे सड़क पर अच्छा, खासाा गड्ढा भी हो गया। शुक्रवार को यहां पर दोपहर संबंधित विभाग ने जेसीबी से खनन किया, चौराहे के साथ ही अमहिया रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर भी खनन किया गया, लेकिन रात तक पाइप लाइन दुरुस्त नहीं हुई, फूटी पाइप लाइन से चौराहे पर रात्रि 9 बजे भी पानी बहता रहा। पाइप लाइन फूटने से इस लाइन से जिन क्षेत्रों में पानी प्रदाय किया जा रहा था, उन क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचा, लोग परेशान होते रहे। शुक्रवार रात पाइप लाइन दुरुस्त नहीं हुई, खनन करने वाली जेसीबी यहीं खड़ी है, जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है और चौराहे पर पानी भरने से बचने के चक्कर में वाहन एक-दूसरे के ऊपर ले जा रहे हैं। बताते हैं शनिवार को भी पाइप लाइन दुरुस्त होती है अथवा नहीं कहा नहीं जा सकता। चौराहे के दुकानदारों की मानें तो यहां डली पाइप लाइन काफी पुरानी है, जिसे बदलने की आवश्यकता है, किन्तु जब तक काम चल रहा, चला रहे हैं।

# बोरवेल में सीवेज का पानी आने की शिकायत कर फंस गए झाम में

## महापौर के बाद निगमायुक्त ने भी किया निरीक्षण, 10 दिन के भीतर नाली से बोरवेल हटाने के दिये निर्देश



**जागरण, रीवा।** बोरवेल में सीवेज का गंदा पानी आने की शिकायत कर शिकायतकर्ता ही झाम में फंस गए। नाली में बोरवेल स्थापित करने का मामला सामने आने के बाद बोरवेल को हटाने का निर्देश दिया है। गुरुवार को महापौर और शुक्रवार को निगमायुक्त ने निरीक्षण किया। निगमायुक्त ने नाली में बोरवेल स्थापित करने वालों का 10 दिन के भीतर हटाने के निर्देश दिए हैं। दअरअसल शहर के आजाद नगर में बोरवेल से दूषित और बदबूदार पानी आने की शिकायत की गई थी। शुक्रवार को नवागत नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने गंदे पानी के निकासी के लिए बनी नालियों में स्थापित किये गये सभी बोरवेल को 10 दिन के भीतर हटाने का निर्देश दिया और नालियों की सफाई निरंतर करने को कहा। वार्ड क्रमांक 16 आजाद नगर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समस्या के कारणों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने निगमायुक्त को अवगत कराया कि क्षेत्र में कुछ स्थानों पर बोरवेल एवं पाइपलाइन के आसपास गंदगी तथा जल निकासी संबंधी समस्याओं के कारण पानी दूषित होने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके अलावा कुछ स्थानों पर नालियों एवं मेनहोल की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी, जिसे निगम द्वारा सुधारने के लिए तत्काल कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निगमायुक्त श्री जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि सभी बोरवेल की व्यवस्थित जांच कर प्रत्येक स्थान से पानी के सैंपल लिए जाएं तथा उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि केके नर्सिंग होम के आसपास क्षेत्र में अभियान चलाकर सभी मैनहोल एवं नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त किया जाए। निगमायुक्त द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि जिनके बोरवेल की केसिंग काफी पुरानी हो चुकी हैं, वे उसे समय पर बदलवाएं, क्योंकि पुरानी केसिंग के गलने से उसमें लीकेज हो जाता है, जिससे दूषित पानी मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इस दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सिन्धु दर्शन यात्रा का आयोजन 1 से 12 जून तक



**रीवा।** भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय संयोजक सुरेन्द्र लछवानी ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जून माह में सिंधु दर्शन यात्रा का भव्य आयोजन किया गया है। यह यात्रा 1 जून से 12 जून तक आयोजित की गई है, यात्रियों की सुविधा के लिए यह यात्रा सड़क मार्ग एवं वायुमार्ग से आयोजित की गई है

**भारतीय सिंधु सभा के तत्वाधान में होगा भव्य आयोजन**

रीवा जिलाअध्यक्ष शेखर सचदेव ने बताया कि सिंधु दर्शन यात्रा न सिर्फ धार्मिक आस्था की प्रतीक है बल्कि यह प्राचीन सिंधु संस्कृति एवं संस्कारों के माध्यम से समाज को एकता के सूत्र में पिरोकर राष्ट्रीय गौरव को कायम रखना है। युवा प्रदेश मंत्री नरेश काली के कहा कि जिस पवित्र नदी के किनारे हमारे पूज्य वेदों की रचना हुई उस पवित्र सिन्धु नदी के तट पर स्नान और दर्शन करके हम सभी को अपनी प्राचीन सनातनी संस्कृति पर सदैव गर्व करना चाहिए। यात्रा के प्रदेश प्रभारी कमलेश सचदेव ने बताया कि असुविधा से बचने के लिए अपना पंजीयन शीघ्र करवाएं। पंजीयन के लिए रीवा में कमलेश सचदेव, महेश ठारवानी, मदन चुग, से संपर्क कर सकते हैं। संस्था के प्रदेश महामंत्री महेश ठारवानी ने समाज के सभी सम्माननीय गणों से निवेदन किया है कि इस यात्रा में संस्था के सदस्यों के साथ साथ समाज के सभी सनातनियों को यात्रा में शामिल होना चाहिए।

# सफाई में लापरवाही बरतने पर महापौर ने वार्ड दरोगा को लगाई फटकार

## शहर की स्वच्छता को लेकर महापौर अजय मिश्रा बाबा ने ली समीक्षा बैठक



**रीवा।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर निगम सभागार में महापौर अजय मिश्रा बाबा ने समीक्षा बैठक में वार्ड 16 के दरोगा को स्वच्छता में लापरवाही बरतने पर फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि वार्ड की नालियों की सफाई में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था का प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। शहर की प्रत्येक गलियों में सफाई दुरुस्त हो, इसके लिए सभी स्वच्छता निरीक्षक प्रतिदिन अपने-अपने जोन में भ्रमण करें और व्यवस्थाओं की निगरानी रखें। महापौर ने सफाई कार्यों में आवश्यक सख्ती बरतने के लिए निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में निर्देश दिये गये कि सफाई मित्र, वार्ड दरोगा, स्वच्छता निरीक्षक एवं स्वास्थ्य अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें और जो भी जमीनी स्तर पर समस्या हो, उसे निर्धारित चैनल के माध्यम से अवगत कराएं। इसके अतिरिक्त वार्डों के क्षतिग्रस्त हाथठेलों को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन संसाधनों की कमी है, उनके लिए शीघ्र निविदा जारी करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने वार्ड दरोगाओं से वन-टू-वन चर्चा कर फील्ड में आ रही समस्याओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही दल बनाकर वार्डों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश । जो सफाई कर्मचारी नियमित रूप से फील्ड में उपस्थित नहीं होते, उन पर कार्रवाई करने की बात कही।

महापौर ने मानस भवन के पास स्थित ट्रांसफर स्टेशन को सभी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए बरसात से पूर्व शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इंडिपेंडेंट इंजीनियर द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी फटकार लगाते हुए निगरानी में तेजी लाने के निर्देश दिए । साथ ही निर्देशित किया गया कि शहर का कचरा प्लांट तक पहुंचने पर उसकी जांच सुनिश्चित की जाए। पुनः लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कंपनी को टर्मिनेट करने की चेतावनी दी गई। कचरा उठाव पर रैमकी कंपनी की लापरवाही पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश भी दिए। रैमकी कंपनी को निर्देशित किया गया कि शहर के बीडब्ल्यूजी संस्थानों का कचरा वार्ड के कार्य पूर्ण होने के पश्चात, दोपहर 12 बजे के बाद उठाया जाए, जिससे डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए अधिक समय मिल सके। बैठक के दौरान एमआईसी सदस्य गुलाम अहमद, कार्यपालन यंत्री एवं एसबीएम नोडल अधिकारी सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, एसबीएम सहायक नोडल अधिकारी अपूर्वा चतुर्वेदी, स्वच्छता निरीक्षक, रेमकी एवं आईईसी टीम के प्रतिनिधि, वार्ड दरोगा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# ओवर ब्रिज के नीचे पार्किंग नाममात्र, बाकी हिस्सा बना बाजार



**जागरण, रीवा।** शहर में निर्मित ओवर ब्रिज के नीचे वाहन पार्किंग करने की व्यवस्था की गई थी, यहां पर वाहन पार्क तो किए जा रहे हैं, किन्तु वाहन पार्क करने के लिए ब्रिज के नीचे नाममात्र ही जगह है, जबकि ब्रिज के नीचे का बाकी हिस्सा बाजार बन चुका है। सिर्फ यहीं नहीं अन्य ओवर ब्रिज के नीचे भी इसी प्रकार की स्थिति बरकरार है, जिसका निगम को न तो किसी प्रकार का किराया मिल रहा है न ही शहर को वाहनों की भीड़ से निजात मिल रही है।

**पहले से ही शहरवासी झेल रहे पार्किंग का अभाव**

शहरवासी शुरुआत से ही पार्किंग का अभाव झेल रहे हैं, पार्किंग न होने से कई क्षेत्रों में सड़क किनारे ही वाहनों को पार्क किया जा रहा है, जबकि दिन-प्रतिदिन शहर की जनसंख्या बढ़ती जा रही है, समीपस्थ क्षेत्र व अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग शहर में निवास कर रहे हैं, जिनके वाहनों को शहर के मुख्य बाजार, चौराहे, मंदिर सहित अन्य स्थानों पर पार्क करने की सुविधा नहीं है, जबकि आसपास से आने वाले वाहन चालकों से निगम द्वारा लोडिंग चार्ज वसूला जा रहा है, जहां पार्किंग हैं वहां वाहन खड़े करते हैं तो उन्हें वहां पर भी पार्किंग शुल्क देना पड़ रहा है और जहां पार्किंग की सुविधा नहीं वहां भगवान भरोसे अपने वाहन सड़क किनारे पार्क कर रहे हैं।

# खरीदी केन्द्रों पर किसानों से मजदूरी न वसूलने संबंधी न बैनर लगे न ही कोई जांच करने पहुंचे



## शुक्रवार को भी किसानों को देना पड़ी हम्माली, पानी भी खुद खरीदकर ले आए

**जागरण, रीवा।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए करहिया मण्डी में बनाए गए चार खरीदी केन्द्रों में गैरकानूनी तरीके से किसानों से हम्माली वसूलने का खुलासा शुक्रवार को दैनिक जागरण में प्रमुखता से किया, किन्तु किसानों से की जा रही अवैध वसूली रोकने संबंधित विभाग द्वारा न तो खरीदी केन्द्रों में किसानों से हम्माली न वसूलने संबंधी किसी प्रकार के बैनर, नोटिस लगाए न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी खरीदी केन्द्रों में जांच करने पहुंचा। शुक्रवार को भी खरीदी केन्द्रों में किसानों की खासी भीड़ लगी रही, जहां किसानों से आज भी हम्माली वसूली गई। नाम न छापने की शर्त पर किसानों ने बताया कि यहां जो किसान सुबह आ जाते हैं, उनका अनाज नहीं तौला जाता बल्कि जो खरीदी करने वालों को जलपान करवा दे उनका गेहूं पहले तौला जा रहा है। किसानों को पानी पीने के लिए यहां शुक्रवार को 20-20 लीटर की दो पानी की बोतलें बुलवाकर रखी गई हैं, जो सुबह 11 बजे ही खत्म हो गई, किसानों को पानी पीना हो तो खुद बोतलें भरवाकर ले आएं, कुछेक किसान स्वयं के व्यय पर पानी की बोतलें भरवाकर भी ले आए, लेकिन कुछ ही देर में वह पानी भी खत्म हो गया। किसानों ने आरोप लगाया कि यहां जो भी धांधली की जा रही है, उसमें सभी की मिलीभगत है, किसानों को सुविधाएं देने जो राशि आती है, उसकी बंदरबांट की जा रही है, किसान सुविधाओं से वंचित हैं।


डॉ. नीरज कुमार दुबे
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ENT)
कान-नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ
माइक्रोस्कोपिक एवं एंडोस्कोपिक ई.एन.टी. सर्जन
परामर्श स्थलः
अंशिका मेडिकल्स
सभी प्रकार की दवाइयों के विक्रेता ✆ 7089196877
पताः- न्यू बस स्टैण्ड के आगे, फूलमती मन्दिर के पहले, पीटीएस रोड, रीवा (म.प्र.)

कान-नाक एवं गले से संबंधित निम्न बीमारियों के समुचित उपचार के लिए संपर्क करें
- कान के पर्दे में छिद्र एवं कान की हड्डी में गलन एवं कान से मवाद आना (CSOM)
- कान में सीटी बजना या सनसनाहट (Tinitus) कम सुनाई देना एवं चक्कर आना (Vertigo)
- पुरानी सर्दी जुकाम, साइनस की बीमारी (SINUSITIS) ज्यादा, बार-बार छींके आना एवं allergy से नाक बहना। (Allergic Rhinitis)
- नाक की हड्डी का टेढ़ापन (DNS), नाक के अंदर गठान, Polyp Mass etc)
- बच्चों में बार-बार गले का इंफेक्शन एवं मुंह खोलकर सांस लेना, खर्राटें लेना (Tonsillitis, Adenoid Hypertrophy)
- कान-नाक एवं गले से संबंधित अन्य कोई बीमारी या गठान की दूरबीन द्वारा जांचे एवं उपचार
- माइक्रोस्कोप एवं एंडोस्कोप (दूरबीन) द्वारा कान, नाक एवं गले से संबंधित ऑपरेशन, (Tympanoplasty, FESS, Septoplasty, Tonsillectomy etc)








आयुष्मान
में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी
शिशु रोग विभाग
पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन
कैंसर का ऑपरेशन
प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी
आकस्मिक सुविधा
यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604, 7566831551

## कैनरा बैंक के एटीएम के साथ छेड़छाड़ दो युवक घंटों घुसे रहे एटीएम में

**जाने के बाद दो बार फिर आए और निकासी पट्टी को ही फिक्स कर दिया**

**जागरण, रीवा।** इन दिनों शादी ब्याह का सीजन चल रहा है, ऐसे में बैंक से राशि निकालने वालों से आए दिन लूटपाट की घटनाएं हो रही हैं, बैंकों पर नजर रखने के साथ ही अब वारदात करने वालों की नजर एटीएम पर भी लगी है। शुक्रवार को कॉलेज चौराहे के समीप कैनरा बैंक के एटीएम में दो युवक घंटे भर से अधिक समय तक घुसे रहे, एटीएम मशीन के बटनों को दबाकर कुछ कारस्तानी करते रहे। जहां से राशि बाहर निकलती है वहां से भी राशि निकालने के प्रयास में लगे रहे। बताते हैं एटीएम से जाने के बाद वे दोनों युवक फिर से दो बारा एटीएम बूथ में आए, उस दौरान भी उन्होंने एटीएम मशीन से छेड़छाड की, जिसका खुलासा एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे की छानबीन से हुआ है। सिंगरौली में बैंक डकैती की घटना हो चुकी है, जिसकी पुनर्रावृत्ति असामाजिक तत्व अब शहर में करने के प्रयास में हैं।

शहर में लगे एटीएम में से अधिकतर एटीएम में सिक्युरिटी गार्ड नहीं रहते, जिनमें रहते भी हैं तो रात के समय आते हैं, दिन भर एटीएम असुरक्षित ही रहते हैं, लोग आते-जाते रहते हैं इनमें कैसे पता चले कि कौन राशि निकालने आया और कौन एटीएम मशीन में अपनी कारस्तानी दिखाने आया है। इसके पूर्व कि शहर में भी इस प्रकार की कोई घटना हो बैंक अधिकारियों सहित पुलिस प्रशासन को भी एटीएम बैंक सुरक्षा पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है।






## जिला अधिवक्ता संघ चुनावः अध्यक्ष के लिए राजेंद्र पांडेय फिर जीत की ओर!

**अधिकांश पुराने पदाधिकारी बढ़त में, कार्यकारिणी सदस्यों की आज से होगी गणना**

**एक हजार मतों की गणना के बाद आरक्षित पद कोषाध्यक्ष के लिए अंकिता सबसे आगे**



जागरण, रीवा

जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के लिए हुए चुनाव के बाद शुक्रवार को शुरू हुई मतगणना का काम अनवरत देर रात तक चला रहा। रात 11.00 बजे तक लगभग 1000 मतों की गणना के बाद जो रुझान सामने आए हैं उसके मुताबिक जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के लिए राजेंद्र पांडेय लगातार सातवीं बार प्रचंड जीत की ओर बढ़ रहे हैं। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अशोक शुक्ला 180 वोटों से पीछे चल रहे थे। मतगणना का कार्य पूरा होने तक अनवरत चलता रहेगा और जब तक समाचार पत्र आपके हाथों में होगा तब तक परिणाम भी प्राप्त हो चुके होंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूर्यनाथ पांडे द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक मतगणना का कार्य पूरी रात चलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जिलाअधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव सहसचिव कोषाध्यक्ष एवं ग्रंथपाल पदों के लिए मतगणना की जा रही है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों की मतगणना का कार्य शनिवार को किया जाएगा। जिलाअधिवक्ता संघ के अधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के परिणाम शनिवार शाम तक मिलने की संभावना है। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के लिए मतगणना शुक्रवार को सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ। पहले मतों को व्यवस्थित किया जाकर बंडल बनाये गये। इसके पश्चात शाम 4 बजे से मतों की गिनती का काम शुरू हआ। देर रात तक हुई गणना में जो आंकड़े मिल पाए हैं, उसके मुताबिक 2377 मतों में से लगभग 1000 मतों की गिनती की जा चुकी थी। इसमें जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र पांडे 399 मत पाकर सबसे आगे चल रहे थे। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अशोक शुक्ला को 218 बाद मिले थे। उपाध्यक्ष पद के लिए कमलेश्वर तिवारी को 245 मत प्राप्त हुए थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी मानवेंद्र द्विवेदी को 199 मत प्राप्त हुए थे। सचिव पद के लिए धीरेंद्र चतुर्वेदी एवं सुलभ पांडे के बीच कांटे की टक्कर चल रही थी। अंतिम रुझान मिलते तक दोनों प्रत्याशियों को बराबर 204-204 मत मिले थे। सह सचिव पद के लिए अनिल तिवारी बिल्लू 172 मत पाकर सबसे आगे चल रहे थे जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवालिका यादव 130 को मत मिले थे। कोषाध्यक्ष पद के लिए अंकिता पांडे 305 मत पाकर सबसे आगे चल रही थीं जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी आभारानी को 258 मत मिले थे। मतगणना का कार्य निरंतर जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूर्यनाथ पाण्डेय के अलावा सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी आबिद खान, राजेन्द्र सिंह, रेवा शंकर अवस्थी, मार्कण्डेय सिंह, अनिल श्रीवास्तव, कमलेन्द्र पाण्डेय, शब्देन्द्र सिंह और रघुवंश प्रताप सिंह मतगणना के कार्य में बिना रुके निरंतर जुटे हुए हैं।

जिला अधिवक्ता संघ रीवा के चुनाव में अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए कुल 74 प्रत्यााशी मतदान में थे। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद हेतु 12 प्रत्याशी, उपाध्यक्ष पद हेतु 08 प्रत्याशी, सचिव पद हेतु 10 प्रत्याशी, सह सचिव पद हेतु प्रत्याशी, कोषाध्यक्ष पद हेतु 04 प्रत्याशी, ग्रन्थपाल पद हेतु 09 प्रत्याशी तथा कार्यकारिणी सदस्य हेतु 19 प्रत्याशियों के बीच पदाधिकारियों का निर्वाचन किया जाना है।

**मतगणना की लाइव काउंटिंग टीवी स्क्रीन पर भी**

जिला अधिवक्ता संघ निर्वाचन कमेटी ने मतगणना की लाइव की लाइव काउंटिंग देखने की भी व्यवस्था की है। अलग-अलग दो बड़ी टीवी स्क्रीन लगाकर लोगों को मतगणना हाल का पूरा नजारा देखने की व्यवस्था है। प्रत्याशी व उनके अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था भी मतगणना हाल में की गई है। देर रात तक मतगणना जारी रही।

## एलआईसी के सर्वोच्च सममान 'गैलेक्सी' से सम्मानित किए गए शिव प्रसाद प्रधान



**जागरण, रीवा।** शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं गीतांजलि पब्लिक स्कूल के संस्थापक शिव प्रसाद प्रधान एलआईसी के सर्वोच्च सम्मान 'गैलेक्सी' से सम्मनित किए गए हैं। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य करने पर भारतीय जीवन बीमा कार्यालय के ब्रांच मैनेजर पुष्कर पांडेय एवं विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह द्वारा श्री प्रधान के निवास पर पहुंचकर उनके परिवार जनों की उपस्थिति में शॉल-श्रीफल भेंटकर किया। श्री प्रधान एलआईसी के सर्वोच्च गैलेक्सी क्लब बनने का गौरव हासिल किया है। श्री प्रधान एमडीआरटी मिलियन राउन्ड टेबिल अमेरिका के लिए सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। श्री प्रधान 54 वर्षों से निरंतर भा.जी.बी निगम में कार्य कर रहे हैं। 21 वर्ष की उम्र में श्री प्रधान जब बीए प्रथम वर्ष के छात्र थे, तब से यह व्यवसाय अपनाया था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा से कक्षा 12 तक सैनिक स्कूल रीवा में हुई। श्री प्रधान कई बार डिवीजन जोन एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जा चुके हैं। श्री प्रधान की सफलता का मुख्य राज कड़ी मेहनत, अनुशासित कार्य व समय की पाबंदी है। सतत जनसेवा से जुड़े रहकर संकल्प लेकर कार्य करते हुए वे इस सर्वोच्च सम्मान के हकदार बने। सीनियर डिवीजन मैनेजर मार्केटिंग मैनेजर शाखा प्रबंधक पुष्कर पाण्डेय एवं विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह बघेल एवं भारतीय जीवन बीमा के सभी अधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है। उपलब्धि का यह श्रेय श्री प्रधान ने अपने पालिसीधारकों को दिया है।

## प्रेम विवाह के चलते परिवार के लोग कर रहे मारपीट

**पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार**

**जागरण, रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुआरी में यादव परिवार की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने परिवार पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जान माल की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता नम्रता यादव ने शिकायती आवेदन के माध्यम से बताया कि उसने प्रेम विवाह किया जिसके बाद से उसके मायके पक्ष के लोग लगातार उसके पति, देवर सहित परिवार के लोगों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि बुधवार की रात उसके देवर के साथ मारपीट की जा रही थी, जब उसकी सास उसे बचाने गई तो उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने अपने बाबा, भाई सहित कई लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से जानमाल की सुरक्षा के लिए न्याय की गुहार लगाई है।

## पालतू गाय को जहर देकर मारने का आरोप



**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सिगटी में एक पालतू गाय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पशुपालक ने गांव के ही कुछ व्यक्तियों पर गाय को जहर देकर मारने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को आवेदन सौंपा है। सिगटी निवासी संतोष गिरी पिता अनंत गिरी ने बताया कि उनकी गाय गुरुवार की शाम करीब 6 बजे से लापता थी। रात भर उन्होने गाय की तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह करीब 5.30 बजे गाय का शव घर के पीछे झाड़ियों में पड़ा मिला। पीड़ित ने बताया कि शव के पास से काफी दुर्गंध आ रही थी, जिससे प्रतीत होता है कि गाय को कोई जहरीला पदार्थ दिया गया है। शिकायती आवेदन में उन्होंने गांव के ही कुछ लोगों पर संदेह जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पशुपालक ने बताया कि गाय दुधारू थी और महज 15 दिन पहले ही एक बछड़े को जन्म दिया था। इस घटना से परिवार को न केवल आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि उनकी धार्मिक और व्यक्तिगत भावनाएं भी आहत हुई हैं। पीड़ित ने नईगढ़ी थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## कुएं में वृद्ध की लाश मिलने से मचा हड़कंप

**हत्या या हादसा जांच में जुटी गढ़ पुलिस**

**जागरण, रीवा।** गढ़ थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव के वृद्ध की लाश गढ़ में स्थित एक कुंए में शुक्रवार की शाम मिलने से हड़कंप मच गया। वृद्ध गुरुवार की शाम से घर से लापता था। मृतक की पहचान मदारी बख्श पिता अजमेर बख्श 60 वर्ष निवासी गंभीरपुर के रूप में की गई है। घटना की जानकारी के बाद गढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को मृतक का पीएम करवाया जाएगा जिसके बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे। चर्चा है कि जिस स्थान पर मृतक का शव कुंए में मिला है, वहां पर लंबे समय से जुआ की फड़ संचालित हो रही थी साथ ही मृतक भी जुआ खेलने का शौकीन था। आशंका जताई जा रही है कि पैसों की जीत हार की बाजी में कोई अनहोनी हुई है। फिलहाल मृतक की हत्या है य हादसा, इसकी जांच में गढ़ पुलिस लगी हुई है। बताया गया कि गुरुवार की शाम करीब 8 बजे वृद्ध घर से निकला था, जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा परिजन उसकी तालश कर रहे थे। शुक्रवार की शाम गंभीरपुर और गढ़ सीमा के पास स्थित कुएं में मृतक का चप्पल और प्लास्टिक की डिब्बी उतराते देखे, जिसके बाद कांटे के कुएं में खोजबीन शुरू की गई और वृद्ध का शव देखा गया। फिलहाल गढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को परिजनों को सौंपा है, शनिवार को मृतक का पीएम करवाया जाएगा। गढ़ पुलिस पूरे मामले की जांच कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## सभी वार्डवासियों को नहीं मिल रहा टैंकर का लाभ

**कुछ वार्डों में किया जा रहा सप्लाई, बाकी के खरीदने को मजबूर**



**जागरण, रीवा।** शहर के वार्डों में गंदा , बदबूदार जल प्रदाय होने से पीएचई द्वारा कुछेक वार्डों में पानी के टैंकर भेजकर जलापूर्ति करवाई जा रही है, परन्तु अभी भी कई ऐसे वार्ड टैंकर के लाभ से वंचित हैं जिनमें या तो एक समय पानी सप्लाई किया जा रहा है या फिर पूरे वार्ड में पाइप लाइन ही नहीं डली, इसके अलावा कुछेक वार्ड ऐसे भी हैं, जिनमें पानी का प्रेशर न होने से पूरे वार्ड तक पानी पहुंच ही नहीं पा रहा, उक्त क्षेत्रों के रहवासी पानी के अभाव में बाजार से पानी खरीदने को मजबूर हैं।पीएचई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 8 में प्रतिदिन 4 टैंकर, वार्ड 43 में प्रतिदिन 4-5 टैंकर, वार्ड 29 में प्रतिदिन 2-3 टैंकर, वार्ड 28 में प्रतिदिन 2-3 टैंकर, वार्ड 15 में प्रतिदिन 3-4 टैंकर, वार्ड 4 में प्रतिदिन 3-4 टैंकर, सिविल लाइन क्षेत्र में प्रतिदिन 4-5 टैंकर, वार्ड 9 में प्रतिदिन 3-4 टैंकर, वार्ड 26 में प्रतिदिन 3-4 टैंकर सप्लाय किए जा रहे हैं, जबकि अन्य वार्डों में टैंकर नहीं पहुंच रहे।

**इन वार्डवासियों की नहीं ली सुध खरीदकर प्यास बुझाने मजबूर**

शहर के वार्ड पांच में आधे क्षेत्र में ही पेयजल पाइप लाइन बिछी है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को न तो नलों के माध्यम से न ही टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध हो रहा है। इसी वार्ड के पड़रा क्षेत्र में एक समय ही जल प्रदाय किया जाता है, यहां पर कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां पाइप लाइन नहीं बिछी, सोनी मोहल्ले में पानी का प्रेशर बहुत ही कम होने से कई घरों में लगे नलों तक पानी पहुंचता ही नहीं, गत वर्ष यहां की महिलाएं जनसुनवाई में शिकायत भी कर चुकी हैं, किन्तु स्थिति अभी भी वही है। वार्ड 12 के रहवासियों को पिछले छह वर्षों से गटर का पानी प्रदाय किया जा रहा है, एक स्थान पर पाइप लाइन दुरुस्त की गई, किन्तु अभी भी वार्ड के नलों में गंदा पानी ही प्रदाय हो रहा है। वार्ड 13- 14 में कई नलों में गंदा दुर्गंधयुक्त जल प्रदाय हो रहा है। वार्ड 8 बोदाबाग में गंदा व बदबूदार पानी प्रदाय किया जा रहा है। वार्ड 18 में गंदा व बदबूदार पानी प्रदाय हो रहा है। वार्ड 5 भवानी नगर व बिछिया कॉलोनी में गंदा व बदबूदार पानी दिया जा रहा है। वार्ड 44 व 45 में गंदा व बदबूदार पानी प्रदाय हो रहा है। जबकि वार्ड 25 व आदर्श नगर कॉलोनी में बोरिंग का पानी सीवरेज लाइन कनेक्शन होने के बाद से दूषित हो गया है। इन क्षेत्र के लोगों को पानी के टैंकरों का लाभ नहीं दिया जा रहा। लोग पानी के लिए तरस रहे, पीने का पानी खरीद रहे हैं वहीं नहाने, कपड़े धोने नदी, तालाब पर निर्भर हैं। ये तो महज कुछ उदाहरण हैं, अन्य वार्डों में भी इस प्रकार की समस्या से इंकार नहीं किया जा सकता।

## श्रम आयुक्त ने पाँच प्रकरणों को सुनवाई के लिए श्रम न्यायालय भेजा

**रीवा।** रीवा जिले के 5 आवेदकों द्वारा उनके नियोजकों के विरूद्ध प्रकरण श्रम आयुक्त कार्यालय इंदौर में दर्ज किए गए थे। श्रम आयुक्त ने अलग-अलग आदेश जारी कर सभी प्रकरणों की सुनवाई श्रम न्यायालय रीवा में करने के लिए निर्दिष्ट किया है। उन्होंने कहा है कि औद्योगिक संबंध मुख्यालय औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 14 की उपधारा 10 में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। अधिनियम की धारा 7 के तहत गठित श्रम न्यायालय रीवा को इन प्रकरणों की सुनवाई के लिए अधिकृत किया जा रहा है। इन प्रकरणों में आवेदक करण सिंह परिहार पिता सूर्यबली सिंह परिहार विरूद्ध अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बेला, आवेदिका सानू यादव पिता भैयालाल यादव विरूद्ध हिन्दुस्तान फील्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ज्वॉइंट वेंचर ऑफ ग्लोबल स्मालेन होल्डिंग एण्ड हिन्दुस्तान यूनिवर लिमिटेड मुम्बई शामिल हैं। श्रम आयुक्त ने आवेदक बृजभूषण अग्निहोत्री पिता कुमुदेश्वर प्रसाद अग्निहोत्री विरूद्ध प्रबंध संचालक अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बेला तथा आवेदक जितेन्द्र मिश्रा पिता देवदत्त एवं चार अन्य श्रमिकगण विरूद्ध प्रबंधक एजाइल सिक्योरिटी सर्विस बंजारा हिल्स हैदराबाद एवं प्राचार्य फूड क्राफ्ट संस्थान रतहरा रीवा शामिल हैं। जारी आदेश में आवेदक सुनील कुमार द्विवेदी पिता रामगरीब द्विवेदी विरूद्ध प्रबंधक मेसर्स इंडियन कंस्ट्रक्शन कंपनी रीवा तथा महाप्रबंधक अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बेला के प्रकरण श्रम न्यायालय में सुनवाई के लिए निर्दिष्ट किया है। श्रम न्यायालय द्वारा इन प्रकरणों में सुनवाई करके इनके सेवा पृथक्करण की वैधता का निर्धारण किया जाएगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली : डॉक्टरों और पैथोलॉजी सेंटरों की लूट से त्रस्त जनता

**बिना किसी ठोस कारण के मरीजों को महंगी जांचों के लिए भेज देते हैं डॉक्टर**



**जागरण, रीवा।** जिले भर में मरीजों के लिहाज से स्वास्थ्य सेवायें बुरी तरह बदहाली के दौर गुजर रही हैं। डॉक्टरों और पैथोलॉजी सेंटरों की मनामानी से मरीज लूटपाट के शिकार हो रहे हैं। जिले भर में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आम जनता के सामने इलाज कराना बड़ा मुश्किल हो गया है। अस्पतालों, क्लीनिकों और पैथोलॉजी केंद्रों में खुलेआम लूट मची हुई है। डॉक्टर और जांच केंद्र वाले मिलकर मरीजों को आर्थिक रूप से निचोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रीवा शहर और ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर निजी डॉक्टर मरीजों से जबरन अत्यधिक फीस वसूल रहे हैं। सामान्य जांच या परामर्श के लिए भी 500 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक फीस ली जा रही है। कई डॉक्टर तो बिना किसी ठोस कारण के मरीजों को महंगी जांचों के लिए भेज देते हैं ताकि उनसे कमीशन लिया जा सके। कई मरीजों की शिकायत है कि डॉक्टर उन्हें अपनी मनचाही दवाइयाँ खरीदने के लिए बाध्य करते हैं। जो दवा दुकानदार डॉक्टर से जुड़ा होता है, वहीं से दवा लेने के लिए कहा जाता है। इससे डॉक्टरों और मेडिकल दुकानदारों की मिलीभगत से जनता की जेब खाली हो रही है। रीवा जिले में पैथोलॉजी और सोनोग्राफी केंद्र खुलेआम लूट खसोट कर रहे हैं। बुखार या सामान्य संक्रमण जैसे मामूली मामलों में भी 4000 रुपये से 8000 रुपये तक की जांचें लिखी जाती हैं। हर मरीज को महंगी जांचों की सलाह देना डॉक्टरों की प्रथा बन चुकी है। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार बुरी तरह परेशान हैं।

**मिलावटी और नकली दवाओं का खतरा**

जिले के कई मेडिकल स्टोर्स में नकली और घटिया दवाएँ खुलेआम बेची जा रही हैं। डॉक्टरों की सिफारिश पर दी जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता पर कोई नियंत्रण नहीं है। न तो स्वास्थ्य विभाग की टीम निरीक्षण कर रही है, न ही प्रशासन इस ओर कोई सख्त कदम उठा रहा है। जिले के सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की भारी कमी है, दवाएँ उपलब्ध नहीं हैं और मशीनें अक्सर खराब पड़ी रहती हैं। मरीजों को मजबूर होकर निजी अस्पतालों की ओर जाना पड़ता है, जहाँ पर उनका आर्थिक शोषण किया जाता है।

**कानून-व्यवस्था और प्रशासन की निष्क्रियता**

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इस खुलेआम लूट और शोषण पर प्रशासन पूरी तरह मौन है। शिकायतें करने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। ऐसा लगता है जैसे पूरा सिस्टम बेबस और भ्रष्टाचार के आगे झुक गया है। जनता में गहरी नाराजगी और निराशा है। मरीजों को लगता है कि अब स्वास्थ्य सेवा नहीं बल्कि व्यापार बन चुकी है। गरीब परिवार इलाज के लिए कर्ज में डूब रहे हैं, जबकि सरकार के मुफ्त इलाज के वादे केवल कागजों तक सीमित हैं।

## उड़नदस्ते की मेहरबानी से फलफूल रहा अवैध दुकानदारों का व्यवसाय

**हटाने की बजाय यहां जलपान कर लौट जाते हैं, पार्किंग के लिए जूझ रहे वाहन चालक, लग रहा जाम**



**जागरण, रीवा।** नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ उड़नदस्ते की मेहरबानी से शहर के प्रमुख चौराहे, बस स्टैंड, मुख्य मार्ग में अवैध रूप से दुकान लगाकर व्यवसाय करने वालों का व्यवसाय फलफूल रहा है। उड़नदस्ते का दायित्व इन्हें हटाने का है, किन्तु इन्हें हटाने की बजाय उड़नदस्ते में शामिल अधिकारी, कर्मचारी अवैध दुकानों में जलपान कर उन्हें हटाए बिना ही लौट जाते हैं, जबकि शहर में उड़नदस्ता वाहन सुबह से शाम तक चक्कर लगाता है, जिसमें प्रतिदिन डीजल की खपत होती है, किन्तु अतिक्रमण यथावत हैं, इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उड़नस्ते के जिम्मेदारों की मौन स्वीकृति पर ही शहर को आज तक अतिक्रमण से मुक्ति नहीं मिल पाई। शहर के सिरमौर चौराहे पर निर्मित ओवर ब्रिज के नीचे वाहन पार्क करना निर्धारित किया गया था, किन्तु यहां अवैध रूप से सैंकड़ों दुकानों का संचालन लंबे समय से हो रहा है, वाहन चालक पार्किंग के लिए जूझते रहते हैं, स्थान न होने से वाहन चालक सड़क किनारे ही अपने वाहन पार्क कर देते हैं, रही-सही कसर ऑटो, रिक्शा चलाने वाले पूरी कर देते हैं जो पूरी सड़क को घेरे रहते हैं, जिससे दिन भर में यहां दर्जनों बार जाम लगता है।

ये स्थिति सिर्फ सिरमौर चौराहे की ही नहीं बल्कि शहर के समान बस स्टैंड, पुराने बस स्टैंड, कॉलेज चौराहा, ढेकहा तिराहा, जय स्तंभ, खन्ना चौराहा, प्रकाश चौराहा, स्टेच्यू चौराहा, अस्पताल चौराहा, गुढ़ चौराहा सहित शहर के प्रमुख मार्गों में देखी जा सकती है। अवैध रूप से दुकान लगाए इन दुकानों के समीप उड़नदस्ता वाहन आकर रोजाना खड़ा तो होता है, किन्तु कार्यवाही नहीं करते, कुछ देर रुक कर आपस में चर्चा करते हैं, कोई दुकानदार जलपान करवा देता है जिसे करने के बाद उड़नदस्त अवैध दुकानदार के एहसानों तले दबा अपना दायित्व निभाए बिना ही चुपचाप आगे बढ़ जाता है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# हठधर्मिता के चलते और गहराया होर्मुज संकट

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम की अवधि आगे बढ़ाए जाने ने इस बात को रेखांकित किया है कि पश्चिम एशिया के युद्ध में शामिल बड़ी शक्तियों और उनके सहयोगियों में युद्ध की इच्छा कमजोर पड़ी है। बहरहाल अमेरिका द्वारा अप्रत्याशित रूप से होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करने के निर्णय के बाद भविष्य की राह अनिश्चित नजर आ रही है। दरअसल, जब दुनिया की सबसे शक्तिशाली नौ सेना समुद्री वैध सीमाओं के करीब खाड़ी की सीमाओं से काफी दूर, ईरानी पोतों का पीछा कर रही है तो इस गतिरोध को दूर कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है। ईरान ने भी अमेरिका की बंदी की प्रतिक्रिया में होर्मुज स्ट्रेट को एक बार खोलकर दोबारा बंद कर दिया है। ऐसे में राजनीतिक और आर्थिक हालात दो सप्ताह पहले युद्ध विराम के शुरुआती समय की तुलना में कहीं अधिक बिगड़ चुके हैं।

यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अमेरिका को गतिरोध दूर करने के लिए एक उपयुक्त हल तलाश करना होगा। युद्ध विराम की अवधि बढ़ा कर लेकिन होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करके अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान में कथित मतभेद पर दांव लगा रहे हैं ताकि ईरान के वार्ताकारों को बातचीत के लिए दोबारा राजी किया जाए। हालांकि अब तक इस कदम के पीछे का तर्क समझ से परे है। यदि, जैसा कि रिपोर्ट किया गया है, शक्तिशाली इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) सक्रिय रूप से राजनीतिक नेताओं को दरकिनार कर रही है, तो साझा आधार खोज पाना कठिन है। अपनी प्रकृति से ही ईरान की सर्वोच्च शासकीय एजेंसी होने के कारण, आईआरजीसी राजनीतिक नेतृत्व की तुलना में कहीं अधिक कठोर होगी और अमेरिका की चुनौतीपूर्ण शर्तों यानी यूरेनियम संवर्धन पर रोक और हमास व हिज्बुल्लाह जैसे सहयोगी समूहों के हथियारविहीन होने को स्वीकार करने में अनिच्छुक रहेगी। इसलिए बहुत कुछ लेबनान और इजरायल के बीच अमेरिका-प्रायोजित शांति वार्ताओं पर निर्भर करता है। इसके अलावा, अमेरिकी नाकाबंदी ईरान की निर्यात आय और खाद्य पदार्थ, अनाज तथा दवाइयों जैसे आवश्यक आयातों को निस्संदेह सीमित करेगी, जिससे उसके लोगों का कष्ट बढ़ेगा।

वास्तव में, संघर्ष शुरू होने के बाद भी देश ने अपना तेल निर्यात जारी रखा और ऊंची कीमतों का लाभ उठाया। होर्मुज स्ट्रेट से पारगमन शुल्क लगाने के साथ-साथ, ईरान ने एक तरह का बफर तैयार कर लिया है। मार्च में, उसने पिछले डेढ़ वर्ष में अपनी पांचवीं सबसे ऊंची आय दर्ज की। इसके अलावा, दशकों से बढ़ती पाबंदियों ने ईरानी जनता को कठिनाइयों के प्रति अभ्यस्त बना दिया है। इस स्थिति में, एक और नाकाबंदी झेलना उनके लिए बहुत कठिन नहीं होना चाहिए। इतना कष्ट झेलने के बाद, ईरानी शायद इस समय पीछे हटने के लिए तैयार न हों। इस बीच, दुनिया ईंधन की कमी के कारण विनाशकारी आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से जूझ रही है। तेल की कीमतें, जो युद्ध विराम की घोषणा के समय कुछ हद तक स्थिर हुई थीं, फिर से बढ़ गईं जब अमेरिकी नौ सेना ने एक ईरानी झंडे वाले मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पहले ही 2026 की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 3.3 फीसदी से घटाकर 3.1 फीसदी कर दिया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह आकलन आशावादी प्रतीत होता है।

भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया, जो आर्थिक वृद्धि के लिहाज से सबसे गतिशील क्षेत्रों में से एक है, नाकाबंदी का सबसे अधिक खमियाजा भुगत रहे हैं। खाड़ी देशों से होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते आने वाला 80 फीसदी से अधिक कच्चा तेल और अन्य जीवाश्म ईंधन एशिया के लिए होता है। यह तथ्य कि ईरान का 90 फीसदी तेल चीन जाता है, चीन और अमेरिका के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और बिगाड़ने का जोखिम बढ़ाता है, जिसके परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। संक्षेप में, युद्ध विराम और नाकाबंदी ने जमीनी हकीकतों को उतना नहीं बदला है जितना कि युद्ध को फिर से शुरू करने से बदलता।

## प्रसंगवश

# जीवनशैली से होने वाली बीमारियां चिंताजनक

निस्संदेह, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की वह रिपोर्ट राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ाने वाली है कि देश की पचास फीसदी आबादी अपनी जीवनशैली से जुड़े रोगों से ग्रस्त-त्रस्त है। यह भी फिक्र बढ़ाने वाला है कि एक दशक पहले देश में खान-पान, जीवन व्यवहार व तनाव से उपजे रोगों का प्रतिशत जहां 31 था, वो अब पचास फीसदी तक जा पहुंचा है। वहीं एक अच्छी बात यह है कि चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार व नये शोध अनुसंधान के चलते संक्रामक रोगों का प्रतिशत घटा है। लेकिन हमारे खानपान व जीवन व्यवहार में तेजी से आ रहे बदलावों के चलते लोग मोटापे, मधुमेह, तनाव व उच्च रक्तचाप जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं, जिसके चलते जानलेवा संकट भी बढ़ रहा है।

दरअसल, हमें स्वीकार करना होगा कि आजादी के बाद देश में आम आदमी के जीवन स्तर में किसी न किसी तरह सकारात्मक बदलाव आया है, जिसके चलते जीवनशैली भी बदली है। लेकिन पौष्टिक व शरीर की जरूरतों के अनुकूल भोजन न करने, शारीरिक निष्क्रियता, स्क्रीन टाइम बढ़ने से नींद की कमी आदि अनेक ऐसे कारण हैं जो इन रोगों के वाहक बनते हैं। इसमें आनुवंशिक रोगों की भी भूमिका है। धीरे-धीरे शरीर को खोखला करने वाले ये रोग कालांतर जानलेवा बन जाते हैं।



अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन भी चिंता जता रहे हैं कि भारत में विभिन्न रोगों से मरने वाले ज्यादातर लोगों की मौत की वजह संक्रामक रोग के बजाय जीवनशैली से जुड़े रोग हैं। जो हमारी गभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चिकित्सा विज्ञान की आशातीत प्रगति के चलते आम भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इजाफा हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़े रोगों का बढ़ना इस कामयाबी पर पानी फेरने जैसा है। यही वजह है कि देश में स्वास्थ्य बीमा कारोबार में तेजी आई है, यह तेजी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है। लेकिन ये बीमा कंपनियां रोग से बचाव में मदद करने के बजाय व्यक्ति के रोगों के इलाज को प्राथमिकता देती हैं।

हालांकि, देश में जीवनशैली से जुड़े रोगों से बचाव के लिये जागरूकता जरूर आई है। जिसके लिये राजग सरकार को श्रेय देना होगा।

प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग का दुनिया में व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। यह जागरूकता भारत में भी है। लेकिन बड़ी आबादी अब भी इससे दूर है। प्रधानमंत्री 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम व अन्य मंचों से मोटापे से बचाव और खानपान में मिलेट अपनाने पर अक्सर बल देते नजर आते हैं। लेकिन इस पर सकारात्मक प्रतिसाद अपेक्षित अनुपात में नहीं मिल पाया है। यही वजह है कि लोगों को महंगा इलाज कराने को बाध्य होना पड़ता है। विडंबना है कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे रोगों से राहत के लिये डॉक्टर जीवनभर दवा खाने को कहते हैं। तमाम लोग निजी अस्पतालों में हृदयरोग आदि के महंगे इलाज से गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं।

कोरोना संकट के सबक हमें याद रखने चाहिए, जब लोगों ने जेवर, जमीन व मकान तक गिरवी रखकर अपना उपचार कराया। लेकिन यदि लोग शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं, योग, ध्यान और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं तो इन रोगों से बच सकते हैं। विडंबना यह है कि हमने परंपरागत भारतीय खाद्य पदार्थों की अनदेखी करके पश्चिमी व चीनी खाद्य विकल्पों को चुनना शुरू कर दिया है। जो हमारी जलवायु व शारीरिक प्रकृति के अनुरूप नहीं हैं। जंक फूड में रासायनिक पदार्थ नुकसानदायक हैं वहीं तले-भुने खाने ने मोटापे को बढ़ाया है। फिर हम शारीरिक श्रम करने से बचते हैं और आरामतलबी का जीवन जीते हैं। जिसके फलस्वरूप बढ़ा मोटापा कई रोगों का वाहक बन जाता है।

देर रात तक मोबाइल व इंटरनेट पर सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से हमारी नींद में खलल पड़ा है। नींद पूरी न होने से तनाव व अवसाद बढ़ा है। हमारा देर से भोजन करना, देर से सोना और सुबह देर से उठना भी रोगों का कारक बना है। हमने जबसे खाने में पारंपरिक पौष्टिकता के बजाय स्वाद को प्राथमिकता देनी शुरू की है, तभी से शरीर में जरूरी विटामिनों की कमी बढ़ी है। प्रदूषित खान-पान की भी इस संकट में भूमिका है। वहीं सहज-सरल व्यवहार हमारे स्वस्थ होने की गारंटी है।

## आमदनी भी और पहचान भी

# पॉडकास्ट : युवाओं का डिजिटल मंच




> पॉडकास्ट युवाओं के लिए एक ऐसा डिजिटल मंच है, जहां वे विभिन्न विषयों पर अपने उपयोगी विचार और ज्ञान दुनिया के साथ साझा कर सकते हैं। पॉडकास्टिंग आमदनी का साधन भी है। यदि आपकी आवाज़ में सच्चाई है और कंटेंट उपयोगी है, तो श्रोता अपने आप जुड़ते हैं।

● राजेन्द्र कुमार शर्मा ●

डिजिटल युग में युवाओं के सामने अभिव्यक्ति और कमाई के नए-नए रास्ते खुल रहे हैं। इन्हीं में से एक सशक्त माध्यम है—पॉडकास्ट। आज जब हर व्यक्ति के पास स्मार्टफोन और इंटरनेट है, तब पॉडकास्ट न केवल अपनी बात दुनिया तक पहुंचाने का जरिया बना है, बल्कि पहचान और आमदनी का भरोसेमंद साधन भी बन रहा है। पॉडकास्ट का मतलबङ्कस्त्र द्धठ्ठपॉडकास्ट मूल रूप से ऑडियो कार्यक्रम होता है, जिसे इंटरनेट के माध्यम से सुना जाता है। यह रेडियो जैसा है, लेकिन इसमें श्रोता अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी सुन सकते हैं। पॉडकास्ट किसी एक विषय पर केंद्रित हो सकता है-जैसे शिक्षा, कैरियर, प्रेरणा, साहित्य, राजनीति, खेल, स्वास्थ्य, कहानी, आध्यात्मिकता या स्थानीय मुद्दे।

### आवश्यक योग्यताएं

पॉडकास्ट शुरू करने के लिए किसी विशेष डिग्री की आवश्यकता नहीं होती। सबसे जरूरी है— विषय की समझ और रुचि, स्पष्ट और प्रभावी बोलने की क्षमता, नियमितता और अनुशासन व नित नया सीखने की इच्छा। यदि आपकी आवाज़ में सच्चाई है और कंटेंट उपयोगी है, तो श्रोता अपने आप जुड़ते हैं। आपके पॉडकास्ट की सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि आप अपने चुने हुए विषय में कितनी गहराई तक शोध कार्य करते हैं। यह भी कि कितनी सही, तथ्यात्मक और रोचक जानकारी निकाल कर अपने श्रोताओं के सामने प्रस्तुत करते है।

### कम इन्वेस्टमेंट में शुरुआत का तरीका

सबसे पहले अपना विषय और टारगेट ऑडियंस तय करें। फिर 10-15 मिनट के छोटे एपिसोड से शुरुआत करें। स्पॉटिफाई / गूगल पॉडकास्ट / एप्पल पॉडकास्ट जैसे प्लेटफॉर्म पर मुफ्त अकाउंट बनाएं। नियमित रूप से एपिसोड अपलोड करें। अपनी भाषा और शैली को सरल व आत्मीय रखें। फिर श्रोताओं को अपने शो या कार्यक्रम का हिस्सा बनाइए।

### नेटवर्क और सब्सक्राइबर्स ऐसे बढ़ाएं

सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब शॉर्ट्स) पर अपने एपिसोड शेयर करें। अपने पॉडकास्ट का छोटा ऑडियो या वीडियो क्लिप बनाकर प्रचार करें। श्रोताओं से सवाल पूछें, उनकी राय लें। अन्य पॉडकास्टर्स के साथ कोलैबोरेशन करें। निरंतर गुणवत्ता बनाए रखें, यही सबसे बड़ी कुंजी है।

### आमदनी का जरिया

पॉडकास्ट से कमाई के कई रास्ते हैं जैसे स्पॉन्सरशिप और ब्रांड प्रमोशन, प्लेटफॉर्म द्वारा मिलने वाले विज्ञापन रेवेन्यू, पेड सब्सक्रिप्शन या मेंबरशिप, अपनी सेवाओं, किताबों, कोर्स या उत्पादों का प्रचार, लाइव शो और इवेंट्स आदि। शुरुआत में आमदनी कम हो सकती है, लेकिन पहचान बनते ही अवसर अपने आप बढ़ते जाते हैं। पॉडकास्ट आज के युवाओं के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे अपनी आवाज़, विचार और ज्ञान से समाज को दिशा दे सकते हैं और साथ ही आत्मनिर्भर भी बन सकते हैं। बस जरूरत है—पहला कदम उठाने की।



### जरूरी इक्विपमेंट्स

पॉडकास्ट के लिए बहुत महंगे उपकरणों की जरूरत नहीं होती। शुरुआत आप कम इन्वेस्टमेंट में भी कर सकते हैं—एक अच्छा स्मार्टफोन, साधारण लैपल माइक या हेडफोन माइक, शांत कमरा या जगह, मुफ्त ऑडियो एडिटिंग ऐप्स (जैसे एंकर / स्पॉटिफाई फॉर पॉडकास्ट/ ओडासिटी आदि)। धीरे-धीरे आप प्रोफेशनल माइक्रोफोन और साउंड ट्रीटमेंट की ओर बढ़ सकते हैं।

## ऑटो अपडेट

# नई बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज फ्यूचरिस्टिक डिजाइन पर फोकस




बीएमडब्ल्यू ने अपनी फ्लैगशिप लक्जरी सेडान (बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज) का नया जनरेशन मॉडल ग्लोबली पेश किया है।

इसका अनावरण चीन के बीजिंग में किया गया और इसकी प्रोडक्शन और लॉन्च प्रक्रिया सितंबर 2026 से शुरू होने की उम्मीद है। नई 7 सीरीज को कंपनी की लेटेस्ट (न्यू क्लासे) डिजाइन लैंग्वेज के साथ पेश किया गया है।

> बीएमडब्ल्यू की नई 7 सीरीज फ्लैगशिप कार न्यू क्लासे डिजाइन लैंग्वेज के साथ पेश हुई है। जिसमें एक मोनोलिथिक एक्सटीरियर और हाई-टेक इंटीरियर दिया गया है। इसकी शुरुआती कीमत 2 से 2.60 करोड़ रुपयों तक बताई का रही है ।

**डिजाइन में क्या नया** : नई सीरीज में 'मोनोलिथिक' डिजाइन स्टाइल दिया गया है, जिसमें बड़ी और रोशनी वाली किडनी ग्रिल खास आकर्षण है। इसके साथ दो-भाग वाले एलई डी हेडलाइट्स मिलते हैं, जहां ऊपर और नीचे मुख्य हेडलाइट्स छिपे हुए हैं। इसके अलावा, ग्रिल में ही सेंसर और रडार को इंटीग्रेट किया गया है, जिससे डिजाइन साफ और आधुनिक दिखता है। कस्टमाइजेशन पर भी खास ध्यान दिया गया है, जहां एक्सटीरियर के लिए सैकड़ों विकल्प दिए गए हैं।

### इंटीरियर और फीचर्स एडवांस

नई 7 सीरीज का इंटीरियर प्रीमियम अनुभव पर केंद्रित है। इसमें पेनोरमिक सिस्टम मिलता है, जो विंडस्क्रीन पर जरूरी जानकारी प्रोजेक्ट करता है। इसके अलावा, 31.3-इंच का 8के थिएटर स्क्रीन दिया गया है, जिससे केबिन को मोबाइल सिनेमा या वर्कस्पेस में बदला जा सकता है। ऑडियो के लिए हाई-एंड साउंड सिस्टम, एम्बिएंट लाइटिंग और पैनोरमिक रूफ जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। सीट्स में मसाज, रीक्लाइन और लेग रेस्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो आराम को अगले स्तर तक ले जाते हैं।

### टेक्नोलॉजी में भी बड़ा अपग्रेड

नई सीरीज में लेटेस्ट ऑपरेटिंग सिस्टम और एआई -आधारित फीचर्स दिए गए हैं। इसमें स्मार्ट रूट प्लानिंग, बैटरी मैनेजमेंट और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस टेक्नोलॉजी शामिल है। इसके अलावा, कार में इन-कार गेमिंग, थर्ड-पार्टी ऐप्स और इंटेलिजेंट पर्सनल असिस्टेंट जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

**पावरट्रेन और परफॉर्मेंस** : नई 7 सीरीज में इलेक्ट्रिक और प्लग-इन हाइब्रिड दोनों विकल्पों पर जोर दिया गया है। इलेक्ट्रिक वर्जन में डुअल-मोटर ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम मिलता है, जो दमदार पावर और लंबी रेंज प्रदान करता है। इसमें फास्ट चार्जिंग सपोर्ट भी दिया गया है, जिससे कम समय में बैटरी चार्ज की जा सकती है। वहीं, प्लग-इन हाइब्रिड वर्जन में पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर का कॉम्बिनेशन मिलता है, जो परफॉर्मेंस और एफिशिएंसी दोनों को संतुलित करता है।

**लग्जरी सेगमेंट में मुकाबला** : नई सीरीज अपने डिजाइन, टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस के साथ लक्जरी सेडान सेगमेंट में नया मानक स्थापित कर सकती है। इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड विकल्पों के साथ, यह भविष्य की मोबिलिटी और प्रीमियम अनुभव दोनों को एक साथ पेश करती है।

## लोन अलर्ट

# लोन फोर्स क्लोज करवाने पर गिरता है सिबिल स्कोर?

● अनुज श्रीवास्तव ●




> क्या आप भी अपने किसी लोन को जल्दी बंद करवाने की सोच रहे हैं, लेकिन सिबिल स्कोर गिरने से डर रहे हैं, तो जरा रुकिए। पहले जान लीजिए इसके फायदे ...

मिडिल क्लास की जिंदगी हमेशा ईएमआई के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। ऐसे में कभी कहीं से एक्स्ट्रा पैसा आता है, सबसे पहला ख्याल यहीं आता है कि इस पैसे से एक लोन को खत्म कर दिया जाए, लेकिन एक फिर एक सवाल ये भी मन में आता है कि क्या लोन को फोर्स क्लोज करवाने से मेरा सिबिल स्कोर घट जाएगा? अगर आप भी इस सवाल का जवाब खोज रहे हैं, तो चलिए हम आपके इसके पीछे की पूरी सच्चाई बताते हैं।

जब आप कोई लोन बंद करते हैं, तो आपका क्रेडिट मिक्स बदल जाता है। अगर आपके पास सिर्फ एक ही लोन था और आपने उसे बंद कर दिया, तो आपके क्रेडिट रिकॉर्ड में एक्टिव लोन जीरो हो जाएगा। सिबिल एल्गोरिदम को लगता है कि अब आपके पास क्रेडिट का कोई एक्टिव डेटा नहीं है, जिससे स्कोर में 5 से 15 पॉइंट्स की मामूली गिरावट आ सकती है। हालांकि, इससे घबराने की जरूरत नहीं है। 2-3 महीनों में सिस्टम अपडेट हो जाएगा कि आपने बिना किसी डिफॉल्ट के लोन बंद किया है, आपका स्कोर वापस ट्रैक पर आ जाता है और अक्सर पहले से बेहतर हो जाता है।

**कब पहुंचता है सिबिल स्कोर को नुकसान ?** :लोन फोरक्लोजर हर मामले में बुरा नहीं होता, लेकिन कुछ स्थितियों में ये आपके स्कोर ज्यादा गिरा देता है। जैसे अगर अगर आपका लोन 10 साल पुराना है, तो उसे बंद करने से आपकी क्रेडिट हिस्ट्री की उम्र कम हो जाती है। लंबी क्रेडिट हिस्ट्री स्कोर के लिए अच्छी मानी जाती है। इसके अलावा अगर आपके पास बहुत सारे क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन (अनसिक्योर्ड) हैं, और आपने अपना इकलौता कार लोन या होम लोन (सिक्योर्ड) बंद कर दिया, तो आपका क्रेडिट मिक्स बिगड़ जाता है।

## हेल्थ अलर्ट

# धूप और लू से बचना है तो ये बातें गांठ बांध लें



गर्मियों में बढ़ता तापमान और चुभती धूप न सिर्फ आपकी दिनचर्या को प्रभावित करती है, बल्कि सेहत पर भी गहरा असर डालती है। लंबे समय तक धूप में रहने से शरीर में पानी की कमी, थकान, चक्कर और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्या हो सकती है।

ऐसे में जरूरी है कि आप पहले से तैयारी करें और कुछ आसान लेकिन असरदार उपाय अपनाएं। सही जानकारी और थोड़ी सावधानी के साथ आप न सिर्फ धूप के दुष्प्रभाव से बच सकते हैं, बल्कि पूरे दिन खुद को एक्टिव और सुरक्षित भी रख सकते हैं।

### शरीर को हाइड्रेट रखें

- गर्मी में शरीर से पसीने के रूप में पानी और जरूरी मिनरल्स निकल जाते हैं।
- सिर्फ पानी नहीं, बल्कि इलेक्ट्रोलाइट्स भी जरूरी हैं
- नारियल पानी, छाछ और नींबू पानी शरीर को ठंडक देते हैं
- ज्यादा पसीना आने पर ओ आर एस लेना फायदेमंद है। पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन हो सकता है, जिससे चक्कर और कमजोरी बढ़ती है।

### खान-पान का रखें ध्यान

- गर्मी में आपका डाइट सीधा आपकी बॉडी पर असर डालता है।
- तरबूज, खीरा, ककड़ी जैसे फल शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखते हैं
- हल्का और जल्दी पचने वाला खाना बेहतर होता है
- तला-भुना और मसालेदार खाना शरीर में गर्मी बढ़ाता है। सही डाइट से हीट एग्जॉशन का खतरा कम होता है।

### सही समय पर बाहर निकलें

**गर्मी में सूरज की किरणें दोपहर के समय सबसे ज्यादा तेज और नुकसानदायक होती हैं।**

- सुबह 6-10 बजे के बीच यूवी लेवल कम होता है, इसलिए यह समय बाहर जाने के लिए बेहतर है
- शाम 5 बजे के बाद तापमान गिरने लगता है
- 12-3 बजे के बीच बाहर निकलने से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। अगर मजबूरी में निकलना पड़े तो सिर और शरीर को कवर जरूर करें।

### कपड़ों का सही चुनाव

- हल्के रंग सूरज की किरणों को रिफ्लेक्ट करते हैं
- ढीले कपड़े हवा को पास होने देते हैं, जिससे शरीर ठंडा रहता है
- कॉटन फैब्रिक पसीना सोखता है और स्किन को आराम देता है
- सिंथेटिक कपड़े गर्मी को फंसा लेते हैं, जिससे परेशानी बढ़ती है।

# नई तारिकाओं को लंबी पारी का इंतजार

## बॉलीवुड अपडेट



> बॉलीवुड को कभी अच्छी हीरोइन के अभाव का सामना नहीं करना पड़ा। सुरैया, मधुबाला से लेकर माधुरी दीक्षित, ऐश्वर्या, प्रियंका चोपड़ा तक यह सिलसिला चला। लेकिन दीपिका पादुकोण के बाद से ठहराव सा आ गया है । नयी तारिकाओं में लंबी पारी की होड़ तो है पर फिलहाल वे यह शून्य भर नहीं पा रही ।

● असीम चक्रवर्ती ●


पिछले कुछ वर्षों में नई तारिकाओं के आने-जाने और गुम होने की बात खूब सुनने को मिल रही है। कई आलोचक मानते हैं कि दीपिका पादुकोण के बाद से इसमें एक बड़ा ठहराव आ गया है। कोई भी नई तारिका आकर इस सिलसिले को गति नहीं दे पा रही है। दीपिका को तारिकाओं के इस शीर्षकाल की अंतिम कड़ी माना जा रहा है इसके बाद से ही कई तारिकाओं में होड़ जारी है। कृति सैनन, कियारा आडवाणी आदि दावे पेश तो करती हैं, लेकिन जल्द ही दम फूल जाता है। सुपरहिट फिल्म 'सैयारा' की नवोदित तारिका अनीत पड्डा ने भी अपना मजबूत दावा पेश किया है। पर उन्हें अभी कुछ वक्त देना पड़ेगा।

### याद नहीं रहतीं नई तारिकाएं

कुछ यही हाल बाकी नवोदित तारिकाओं का भी है। वाणी कपूर, कियारा आडवाणी, कृति सैनन, सारा अली खान, रश्मिका मंदाना, जाह्नवी कपूर आदि की बात जाने दें, तो अनन्या पांडे, अनीत पड्डा, तृप्ति डिमरी आदि भी आने-जाने के खेल में शामिल हैं। पर इनके स्टारडम हासिल करने की क्षमता पर आलोचकों को संशय है।

### कई दशक का स्वर्णकाल

निस्संदेह बॉलीवुड में हीरोइन का स्वर्णकाल `50 से `90 के दशक तक माना जाता है। इस दौर के दौरान सुरैया से लेकर निम्मी, मधुबाला, नर्गिस, मीना कुमारी, वैजयंतीमाला, माला सिन्हा, वहीदा रहमान, हेमा मालिनी, रेखा, फिर माधुरी दीक्षित, ऐश्वर्या राय, श्रीदेवी आदि एक के बाद आई तारिकाओं की वजह से बॉलीवुड में हमेशा रौनक रही है। फिल्मों के जानकार राजगोपाल नांबियार कहते हैं, ` 1990 से बॉलीवुड की रौनक गायब हो रही है। जबकि हिंदी फिल्मों में कभी हीरोइन का अलग ही आकर्षण होता था। दर्शक इसी चार्म के चलते थिएटर आते थे।'



### किसको भुलाएं, किसको याद रखें

हर दौर में तीन-चार हीरोइन का सम्मोहन हावी रहा है।लोकप्रिय हीरोइनों के किस्सों की लंबी फेहरिस्त है। उस समय ज्यादातर हीरोइनों का अपना तिलिस्म और रुतबा होता था। कई चोटी की तारिकाएं तो पूरे दबदबे के साथ अपनी शर्तों पर फिल्मों में काम करती थीं और उन्हें फिल्म के नायक से ज्यादा तवज्जो मिलती थी। सुरैया, मधुबाला, नर्गिस, मीना कुमारी, वैजयंतीमाला, माला सिन्हा आदि तो हीरो के बराबर की फीस लेती थीं।

### नई तारिकाओं का माइनस पॉइंट

आजकल ज्यादातर हीरोइनों की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि वे बोल्डनेस के भरोसे रहती हैं। इस चक्कर में वे अपने आपको बहुत एक्सपोज कर देती हैं। इसमें उनकी सौम्यता और सादगी को बड़ा झटका लगता है। किसी भी छोटी-बड़ी तारिका को जरा-सी लोकप्रियता मिलते ही अलग-अलग इंडोर्समेंट के ऑफर भी मिलने लगते हैं और अक्सर उनके बड़े इंडोर्समेंट का पारिश्रमिक किसी फिल्म के बराबर होता है। मसलन, अब कियारा आडवाणी के पास इतने ज्यादा इंडोर्समेंट हैं कि वे चाहकर भी फिल्मों पर बहुत कम ध्यान दे पाती हैं।

**आखिर कमी कहां** : कमी इनकी संजीदगी में होती है, जबकि एक्टिंग हमेशा आपसे समर्पण की मांग करती है। यह पाठ वे पुराने दौर की दिग्गज हीरोइनों से सीख सकती हैं, पर नया कुछ सीखने या कोई चैलेंजिंग रोल करने में इनकी कोई खास दिलचस्पी नहीं, सिर्फ अपनी फीस और प्रचार से मतलब होता है। इसी चूक के चलते वे धीरे-धीरे लाइमलाइट से गायब हो जाती हैं।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा: परीक्षार्थियों के लिए त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया अनिवार्य

## 90 मिनट पूर्व पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र

**रीवा।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के सफल संचालन के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश हेतु एक नवीन त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया लागू की गई है, जिसके तहत परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग और एचएचएमडी के माध्यम से गहन तलाशी ली जाएगी। जिला प्रशासन ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 90 मिनट पूर्व केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा ताकि समय पर जांच प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर ही अनुमति एवं वर्जित वस्तुओं की सूची चस्पा की जाएगी जिसका कड़ाई से पालन करना प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अनिवार्य है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए दोनों सत्रों में फ्रिस्किंग (जांच) की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसमें पुरुष अभ्यर्थियों की जांच पुरुष वीक्षकों द्वारा तथा महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा पृथक केबिन में की जाएगी। इसके अतिरिक्त, ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को यह विकल्प दिया गया है कि वे अपनी सुविधा अनुसार महिला अथवा पुरुष कर्मचारी से अपनी जांच करवा सकते हैं। परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को दी जाएगी जो इस त्रि-स्तरीय जांच प्रक्रिया से गुजरेंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए यह भी स्पष्ट किया गया है कि वे अपने साथ केवल बॉलपेन, एक पारदर्शी पानी की बोतल, ई-प्रवेश पत्र और अपना मूल पहचान पत्र ही ले जा सकेंगे।

# नारी का सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा हमारे संस्कारों की जड़ में: डॉ आरती

## एपीएसयू के विधि विभाग में साइबर सुरक्षा और विधिक अधिकारों पर व्याख्यान

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत हुआ आयोजन

जागरण, रीवा



अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के द्वितीय चरण के उपलक्ष्य में एक वृहद शैक्षणिक संगोष्ठी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु 'साइबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर लैंगिक समानता एवं महिलाओं के कानूनी अधिकार' जैसे संवेदनशील और समसामयिक विषय रहे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रख्यात विचारक डॉ. आरती तिवारी रहीं, जिन्होंने अपने व्याख्यान में आधुनिक समाज की विसंगतियों और कानूनी सुरक्षा चक्रों की व्याख्या अत्यंत मौलिक ढंग से की। उन्होंने इन आधुनिक विषयों को भारतीय संस्कृति के पौराणिक संदर्भों और गौरवशाली इतिहास के साथ पिरोते हुए छात्र-छात्राओं को यह समझाया कि नारी शक्ति का सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा हमारे संस्कारों की जड़ में है। डॉ. तिवारी ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों के प्रति आगाह करते हुए तकनीकी सतर्कता और कानूनी उपचारों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। इससे पूर्व, कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत करते हुए विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष ब्रिज ने मंच पर आसीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विषय प्रवेश कराया और स्पष्ट किया कि विधि के विद्यार्थियों के लिए इन विषयों की व्यावहारिक समझ होना अनिवार्य है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पर्यावरण विज्ञान विभाग की डॉ. अपर्णा सिंह ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति के सामाजिक एवं बौद्धिक पक्षों पर सारगर्भित विचार रखे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में विधि विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र पांडे, डॉ. के. डी. तिवारी, डॉ. सप्तमुनि द्विवेदी, डॉ. राजेश शुक्ला एवं डॉ. पी. एन. शर्मा की सक्रिय भागीदारी रही, साथ ही अभिनव तिवारी, रुचि गौतम, डॉ. रेखा शुक्ला, अनिमेष द्विवेदी, देवयानी मिश्रा, निगार फातिमा, कमलेश मिश्रा और हिमांशु पांडेय सहित विभाग के अन्य शैक्षणिक सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने व्याख्यान के उपरांत विषय से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम का अत्यंत सुव्यवस्थित और प्रभावशाली संचालन डॉ. श्रद्धा सिंह द्वारा किया गया। आयोजन के अंतिम चरण में डॉ. आलोक मिश्रा ने मुख्य वक्ता के ज्ञानवर्धक सत्र और सभी अतिथियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी को मिली डिग्री कोर्स की मान्यता




**रीवा।** श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी को फॉर्मेसी काउसिंल ऑफ इंडिया (भारत सरकार) द्वारा बी. फॉर्मा. चार वर्षीय पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई है। इस वर्ष श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में डी. फॉर्मा के साथ बी. फॉर्मा. कोर्स का भी संचालन किया जायेगा। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सिद्धार्थ शुक्ला, शिक्षक तथा छात्रो नें हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही कॉलेज के चेयरमैन ने बताया कि अब छात्रों को अपने सुनहरे भविष्य के लिए कही भटकना नही पड़ेगा। श्री रामकृष्ण कॉलेज विगत कई वर्षों से रीवा जिलें में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। यहाँ न केवल अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर अपितु अत्याधुनिक लैब, अनुभवी शिक्षक भी उपलब्ध हैं जो बेहतर प्लेसमेन्ट और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

## डी. फॉर्मा के साथ बी. फॉर्मा. कोर्स का भी होगा संचालन

# मानस भवन में 'सत्संग' 26 अप्रैल को

**रीवा।** मानस भवन एवं मानस मंडल अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार मानस भवन में आगामी 26 अप्रैल को प्रत्येक माह आयोजित होने वाली मानस संगोष्ठी शाम 5 बजे से होना सुनिश्चित है। श्री पांडेय ने मानस मंडल के सभी वरिष्ठ जन, कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी एवं नगर के सत्संग प्रेमी जनों से आह्वान किया है कि इस गरिमामय पावन कार्यक्रम में उपस्थित होकर संगोष्ठी के 'सत्संग विषय' पर अपने विचारों का आदान-प्रदान कर मानस भवन के उद्देश्यों की पूर्ति तथा आने वाली पीढ़ी को संस्कार प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाएं एवं सत्संग का लाभ प्राप्त करें।

# युवा जागरुकता से ही संभव है बाल विवाह मुक्त भारत : प्रो.शुक्ल

## विवि के समाज कार्य अध्ययन केन्द्र में संगोष्ठी सम्पन्न



**जागरण, रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, भोपाल के निर्देशन में बाल विवाह उन्मूलन हेतु जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के समाज कार्य अध्ययन केन्द्र में शुक्रवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल (प्राध्यापक एवं विभाग अध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय) ने अपने उद्बोधन में बाल विवाह के सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं मानसिक दुष्परिणामों पर गंभीरता से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाल विवाह केवल एक कुरीति नहीं, बल्कि यह समाज की प्रगति में बाधक एक बड़ी समस्या है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने आसपास—पड़ोस, गांव, जिला एवं प्रदेश स्तर पर जागरुकता फैलाकर इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उनका उद्बोधन प्रेरणादायी और जागरुकता से परिपूर्ण रहा, जिसने उपस्थित विद्यार्थियों और समाजसेवियों को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. महानंद द्विवेदी (विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा) ने भी अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा और सतत जागरुकता अभियान चलाने होंगे। संगोष्ठी के अंत में सभी अतिथियों द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह रोकने हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई, जिससे कार्यक्रम का उद्देश्य और अधिक सार्थक हुआ। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. शशांक पाण्डेय, डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. सुनीत कुमार द्विवेदी, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. दीपमाला तिवारी तथा गैर-शैक्षणिक स्टाफ आशीष कुमार पाण्डेय, रामकिशोर साकेत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लू से बचाव के लिए अपनाएं देसी घरेलू उपाय

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**रीवा।** जिले में एक सप्ताह से तेज धूप होने से सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं। जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौंफ, पुदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 186/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 24.04.2026

**निविदा सूचना 153/2026_STDC_503044_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम:- **मां शारदा माता मंदिर मैहर जिला मैहर परिक्रमा मार्ग पर पाथवे, फेंसिंग, वेटिंग हॉल, ड्रिंकिंग वाटर फेसिलीटी, टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण एवं अन्य विकास कार्य। (12 माह) कार्य की लागत राशि रू. 895.90 लाख** वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 15.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 27.04.2026 से देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125480/2026 कार्यपालन यंत्री

# कमला नेहरू विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम

**रीवा।** बाणसागर कॉलोनी स्थित कमला नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता विद्यालय तथा शिक्षकों का नाम रोशन किया है। इसी कड़ी में सभी छात्रों का विद्यालय में सम्मान किया गया जिसमें छात्रों का उत्साह वर्धन करने के लिए उनके माता-पिता भी विद्यालय परिसर में उपस्थित रहे। कक्षा 12वीं में आशू तिवारी 87 प्रतिशत प्रथम स्थान, अनीश कोल 83 प्रतिशत द्वितीय स्थान, अर्शिया सिद्दीकी 82 प्रतिशत तृतीय स्थान वहीं कक्षा दसवीं में प्रिंस यादव 93 प्रतिशत पूर्णिमा द्विवेदी 92.4 प्रतिशत, कृतिका साहू 85.6 प्रतिशत आफरीन बानो 84 प्रतिशत नवीना पटेल 88 प्रतिशत शबनम कुशवाहा 84.2 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में 42 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का परचम लहराया। सम्मान समारोह में विद्यालय के प्राचार्य रामनरेश द्विवेदी ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया, विद्यालय के उपप्राचार्य विमलेश साहू ने सफलता के मंत्र बताए, वहीं संस्था के संचालक रमेश पाण्डेय ने सभी छात्रों का माल्यार्पण कर



पुरस्कृत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक -शिक्षिका उपस्थित रहे।

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Online percentage rate bids for the following work is invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :-

| S. No. | System E-Tender No. | Name of Work | PAC (in lakh) | EMD (in Rupees) | Cost of Bid Document (in Rupees) | Completion Period | Purchase date of Tender | Date of bid Submission | Opening Date of tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPHID_ 501880 | Construction of 20 LIG With Part Development Work at Bansagar Colony Beohari Distt. Shahdol (Under Atal Ashray Awas Yojna) | Rs. 276.34 | Rs. 276340.00 | Cost of Form Rs. 15000.00 + GST Rs. 2700.00 = Rs. 17700.00 | 18 Months (Eighteen Months i/c Rainy Season) | 28.04.2026 (11.30 AM) To 18.05.2026 (17.30 Hrs.) | 19.05.2026 (17.30 Hrs.) | 21.05.2026 (17.30 Hrs.) |
| 2. | 2026_ MPHID_ 501928 | Construction of Degree College Building i/c Internal W/S, S/F & E/F with development works at Bansagar Distt Shahdol (M.P.) | Rs. 925.74 | Rs. 925740.00 | Cost of Form Rs. 20000.00 + GST Rs. 3600.00 = Rs. 23600.00 | 18 Months (Eighteen Months i/c Rainy Season) | 28.04.2026 (11.30 AM) To 18.05.2026 (17.30 Hrs.) | 19.05.2026 (17.30 Hrs.) | 21.05.2026 (17.30 Hrs.) |
| 3. | 2026_ MPHID_ 501930 | Construction of Degree College Building i/c Internal W/S, S/F & E/F with development works at Bhareva Distt. Umaria (M.P.) | Rs. 925.74 | Rs. 925740.00 | Cost of Form Rs. 20000.00 + GST Rs. 3600.00 = Rs. 23600.00 | 18 Months (Eighteen Months i/c Rainy Season) | 28.04.2026 (11.30 AM) To 18.05.2026 (17.30 Hrs.) | 19.05.2026 (17.30 Hrs.) | 21.05.2026 (17.30 Hrs.) |
| 4. | 2026_ MPHID_ 501931 | Construction of Degree College Building i/c Internal W/S, S/F & E/F with development works at Bilaspur Distt. Umaria (M.P.) | Rs. 925.74 | Rs. 925740.00 | Cost of Form Rs. 20000.00 + GST Rs. 3600.00 = Rs. 23600.00 | 18 Months (Eighteen Months i/c Rainy Season) | 28.04.2026 (11.30 AM) To 18.05.2026 (17.30 Hrs.) | 19.05.2026 (17.30 Hrs.) | 21.05.2026 (17.30 Hrs.) |

**Note :-** Interested bidders can view the detail of above tender on website **https://www.mpeproc.gov.in** and **http://www.mpetender.gov.in.** Amendments to NIT, if any shall be published on website only.
**Visit us : www.mphousing.in**
**Email : eednhbsdl@mphousing.mp.gov.in**
/mphidb /mphidb
M.P. Madhyam/125471/2026
**(R.P. Verma, E.E.)**
**Project Division Shahdol**
**Mob. : 9406912140**

# आरोह 2026: 17 खेलों के लगेंगे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर

## युवाओं को अधिक से अधिक खेलों में जोड़ने पर रहेगा फोकस

**रीवा।** म.प्र. शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह 2026) जिला व विकासखण्ड स्तर पर खिलाड़ियों एवं नवीन युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु तथा उनके समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुये निम्न घटकों -फिट इंडिया मूवमेन्ट,व्यक्तित्व विकास, संस्कृतिक एवं मनोरंजन, खेल गतिविधियां, फैमली इन्गेजमेंन्ट, सोसायटी इन्गेजमेंन्ट, सामाजिक जागरुकता के माध्यम से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर लगाया जाना हैं। शिविर 27 अप्रैल से प्रारंभ किये जाने निर्णय लिया गया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का अयोजन किये जाने हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम के मीटिंग हॉल में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थित में बैठक आयोजित की गई, जिसमें डॉ. रावेन्द्र सिंह, स्पोर्ट्स ऑफिसर टी.आरएस कॉलेज, डॉ. जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, श्रेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग, शंकर कुमार, शैलेन्द्र त्रिपाठी, अल्टाटेक सीमेन्ट प्लांट, मणिमाला सिंह, मोहन लाल शुक्ला, विनोद तिवारी, राघवेन्द्र सिंह, जयप्रकाश नारायण, विष्णु तिवारी, राहुल कुशवाहा, राखी बंसल, विक्रम अवार्डी दर्शना बाकडे, अंजली रजक,कासिम खांन, अजय कैला, गीता प्रसाद, पुष्पराज सिह समेत खेल प्रेमी एवं खेल विभाग प्रशिक्षक सुराखी सिंह, अमर सिंह जाटव, श्रीमती, रीतिका शर्मा, तोषराम कनोजे, रमेश तिवारी, प्रवीण मिश्रा, ब्लॉक युवा समन्वयक, ज्योति सिंह, वंदना सिंह, विकास कुमार सोनी, नीरज कुमार द्विवेदी, पुष्पा पटेल, दिलीप सिंह, प्रतिभा खरे, अमर पासी, उपस्थित रहे।




### इन खेलों को किया गया शामिल

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवाओं को खेल को सर्व सुलभ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न खेलों को शामिल किया गया। जिसमें बास्केटबॉल-स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स एवं सरदार पटेल जेपी स्कूल, वालीबॉल-टी.आरएस कॉलेज, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, चिरहुला कॉलोनी, कबड्डी- सरस्वती स्कूल निराला नगर, टी.आरएस कॉलेज, कराते- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, कला मंदिर, महिला सेल्फ डिफेन्स- पाण्डेन टोला स्कूल, पुलिस लाइन, एथलेटिक्स- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, टी.आरएस कॉलेज, फुटबॉल- एसएएफ ग्राउण्ड, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, टी.आरएस कॉलेज, ताईक्वांडो- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, मार्तण्ड स्कूल क्र-03, टेबल-टेनिस- मेडिकल कॉलेज, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, हैण्डबॉल- एनसीसी ग्राउण्ड, अगडाल, तीरंदाजी- महाराजा पब्लिक स्कूल, बॉक्सिंग- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, खो-खो- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, एनसीसी ग्राउण्ड, मॉडल स्कूल, क्रिकेट- एपीएस खेल मैदान, वेटलिफ्टिंग- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बैडमिन्टन- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, वेंकट क्लब, शतरंज- स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, वुशु- दून पब्लिक स्कूल में आयोजित किये जाएंगे। एम.के धौलपुरी, संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने खिलाड़ियों से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने का आग्रह किया है।

**इनको दी गई जिम्मेदारी :** ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखण्डवार रायपुर कर्चुलियान में फुटबॉल, कबड्डी-ज्योति सिंह, सिरमौर कबड्डी एवं खो-खो वंदना सिंह, गंगेव वालीबॉल एवं एथलेटिक्स विकास कुमार सोनी, जवा में वालीबॉल एवं एथलेटिक्स नीरज कुमार द्विवेदी, ,हनुमना में वालीबॉल एवं फुटबॉल पुष्पादेवी पटेल, रीवा में फुटबॉल एवं कबड्डी दिलीप सिंह, त्योंथर में वालीबॉल एवं एथलेटिक्स, प्रतिभा खरे, मऊगंज में फुटबॉल एवं कराते अमर पासी, नईगढ़ी आर.जे. खांन एवं विक्रम दीपांकर नियुक्त किए गए हैं।

**नागपुर के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉ भास्कर सिंह आज 25 अप्रैल शनिवार को रीवा में।**



रीवा । HCG कैंसर हॉस्पिटल नागपुर के प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ भास्कर सिंह MBBS, MS, FMAS, DNB (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा आज दिनांक 25 अप्रैल शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्पलेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में, कैंसर से सम्बंधित बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर) का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। ओपीडी में आये हुए समस्त मरीजों हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क आयुष्मान योजना, स्वास्थ बीमा लाभ योजना एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार के कर्मचारियों हेतु संचालित स्वास्थ्य लाभ योजना का भी नियम व शर्तों के साथ सुबिधा उपलब्ध है, डॉ भास्कर विगत पाँच वर्षों से नियमित प्रत्येक माह में दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में OPD हेतु उपलब्ध रहते हैं। OPD हेतु पंजीयन प्रारम्भ है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

ई-ऑफर की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल www.mphousing.in पर उपलब्ध

**यथा स्थिति**
**आवासीय भवन शारदा नगर कॉलोनी घूरडांग एवं बांधवगढ़ कॉलोनी जिला सतना में फ्लैट क्रय करने का सुनहरा अवसर**

ई-ऑफर दिनांक 20.05.2026 रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित

| क्र. | संपत्ति का प्रकार | संपत्ति का क्रमांक | भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | भवन का क्षेत्रफल (व.मी.) | अपसेट मूल्य (प्रति संपत्ति/ रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/ जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **युक्तियुक्तीकरण योजनान्तर्गत** शारदा नगर कॉलोनी घूरडांग सतना 100 ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 7, 45, 46, 47, 49, 78, 79, 81, 82, 83, 84, 85, 87, 88, 89, 90, 91, 109 110, 116, 118, 119, 142, 123, 124, 152 | 26 नग | 31.23 से 37.00 तक | 21.45 | 5.94 से 6.53 तक | 1.19/- से 1.31/- तक | 590/- |
| 2. | **युक्तियुक्तीकरण योजनान्तर्गत** बांधवगढ़ कॉलोनी सतना में फ्लैट | **ए-टाइप प्रथम तल** | **1 नग** | - | **100.00** | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप द्वितीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | **बी-टाइप प्रथम तल** | **1 नग** | - | **92.50** | 28.25 | 5.65 | 1180/- |
| | | बी-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |
| | | बी-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |

**नियम एवं शर्तें :-** (1) आवेदन एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS के माध्यम से जमा होगी। (2). रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (3) संपत्ति के ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से विशेष सुविधा उपलब्ध, अत: ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व संपत्ति का अवलोकन कर लें। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कर राशि वापिस मांगने पर धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौत्रा कर शेष राशि वापिस की जावेगी। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, प्रभार एवं लीजरेंट इत्यादि पृथक से देय होंगे। (4) मण्डल/शासन के नियम एवं शर्तें लागू। (5) विस्तृत शर्तें एवं नियम विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध।

(1) आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 20.05.2026. (2) ऑफर BID डालने की अंतिम तिथि 22.05.2026 शाम 5.00 बजे। (3) ऑफर दिनांक 25.05.2026 को दोपहर 3.00 बजे खोला जावेगा।

**संपर्क** **मनोज कुमार द्विवेदी (संपदा अधिकारी) मो. 9131194716, कार्तिकेय पाठक (उपयंत्री) मो. 9630317183, आर.के. विश्वकर्मा (संपदा प्रबंधक) मो. 9424318175, MP ONLINE HELP DESK 0755-6720200.**

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on / mphidb / mphidb

Visit us : www.mphousing.in
म.प्र. माध्यम/125472/2026

## संक्षिप्त खबरें

### आयकर कर्मचारियों ने की जमकर नारेबाजी



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आंदोलन तेज कर दिया है। संयुक्त कार्यवाही परिषद के बैनर तले आयकर कर्मचारी महासंघ और आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के सदस्यों ने शुक्रवार को भोपाल के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय में वरिष्ठ अफसरों के केबिन के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्कल के संयुक्त संयोजक महेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से लगातार आश्वासन मिलने के बावजूद उनकी जायज मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। कर्मचारी विभाग में लंबित कैडर रिस्ट्रक्चरिंग को फिक्स करने, सीनियरिटी लिस्ट का प्रकाशन, भर्ती नियमों में बदलाव, पुराने लेपटॉप के बजाय नए लैपटॉप और अंतर-प्रभार स्थानांतरण पॉलिसी की बहाली की मांग पर अड़े हैं। इन मांगो को लेकर कर्मचारी और अधिकारी आगामी 13 मई को देशव्यापी हड़ताल भी करेंगे।

### सुपरवाइजर ने नियुक्ति के बदले ली रिश्वत, गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने शुक्रवार को खंडवा जिले के खालवा सेक्टर में तैनात



महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर संतोष कोचले को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता किरन वाड़िबा ग्राम पलासपुर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि नियुक्ति के एवज में सुपरवाइजर संतोष कोचले 50 हजार रुपये की डिमांड कर रही हैं। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने पर शुक्रवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने पहली किस्त के रूप में 4,000 रुपये की रकम ग्राम पंचायत रोशनी के दफ्तर में सुपरवाइजर को थमाई, वैसे ही पहले से तैयार लोकायुक्त की टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम ने मौके से रिश्वत की राशि बरामद कर ली है और आरोपी सुपरवाइजर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### निहारिका और हिमांशी को मिलेगा लोक संपर्क सम्मान

**जागरण, भोपाल।** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टार द्वारा 26 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर जनसंपर्क विभाग के उप संचालक सुनील वर्मा, सहायक संचालक निहारिका मीना, सहायक संचालक हिमांशी बजाज, वरिष्ठ आंचलिक पत्रकार मुन्ना लाल मिश्रा एवं चौधरी चरन सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की रिसर्च एसोसिएट डॉ. बीनम यादव को लोक संपर्क सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान सीएमई हॉल (जेके हॉस्पिटल), एलएनसीटी यूनिवर्सिटी परिसर में युबह 10:30 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। पीआरएसआई भोपाल चैप्टार के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जनसंपर्क लोकतंत्र का पांचवां स्तंभ विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश के पत्रकारिता मीडिया, टीवी मीडिया और कॉर्पोरेट मीडिया में कार्यरत महिला पत्रकारों, टीवी एंकरों को अचला और उदिता सम्मान से सम्मायनित किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठक पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर, प्रख्यीात साहित्यकार डॉ. उर्मिला शिरीष एवं कुलगुरु (वाइस चांसलर) एलएनसीटी यूनिवर्सिटी डॉ. नरेंद्र कुमार थापक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### अधिकारी पेयजल समस्या का तत्काल करें निदान: उइके

**विसं भोपाल ।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने विभागीय अधिकारियों से कहा है कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलती है,तो अधिकारियों को दोषी माना जाएगा। मंत्री उइके ने बताया कि उन्हें नर्मदापुरम के सिवनी मालवा के ग्राम सिरूपुरा में पेयजल समस्या की जानकारी मिली थी,जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद विभागीय अमले ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक सुधार कार्य प्रारंभ किया गया। वहां के नलकूप में आवश्यक पाइप बढ़ाकर नलजल योजना को भी पुनः क्रियाशील किया गया और बंद पेड़ हैण्डपम्पों का सुधार कराया गया। । त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब ग्राम में सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ हो गई है और ग्रामीणों को राहत मिली है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में सभी बंद पड़े हैंडपंपों का सुधार कार्य पूर्ण कर उन्हें पुनः चालू कराया जाए। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि पेयजल व्यवस्था निरंतर सुचारू बनी रहे।

# संसद में गिरे बिल पर पहली बार विधानसभा में होगी चर्चा

## विधानसभा का विशेष सत्र 27 को: नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं के सशक्तिकरण पर होगी चर्चा, दोनों पक्ष तैयारी में जुटे

**विशेष संवाददाता भोपाल।** मध्यप्रदेश की विधानसभा में सोमवार 27 अप्रैल को पहली बार ऐसा मौका आएगा, जब संसद में पास नहीं हो सके किसी बिल को लेकर सदन में चर्चा कराई जाएगी। सत्र में सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा करेगी, तो विपक्षी दल कांग्रेस वर्ष 2023 में पारित बिल के आधार पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संकल्प पत्र ला सकती है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा संसद में लाए गए महिला आरक्षण से जुड़े 131वें संविधान संशोधन बिल पारित नहीं हो सका। इसके बाद से मप्र सहित पूरे देश में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। भाजपा शासित राज्यों में विधानसभा में विशेष सत्र के जरिए बिल को लेकर चर्चा कराई जा रही है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में 27 अप्रैल को विधानसभा का एक दिवसीय सत्र बुलाया गया है। जानकारों की मानें तो सत्र के दौरान कांग्रेस लोकसभा की वर्तमान संख्या बल 543 के आधार पर बिना परिसीमन आरक्षण देने का संकल्प प्रस्तुत करने की तैयारी में है। हालांकि इसके लिए पार्टी को विधानसभा अध्यक्ष या प्रमुख सचिव को सूचना देनी होगी। यदि सहमति मिलती है,तभी कांग्रेस सदन में संकल्प प्रस्तुत कर पाएगी।



### आ सकता है निंदा प्रस्ताव

विशेष सत्र में सदन में प्रदेश में महिला सशक्तीकरण को लेकर किए जा रहे प्रयासों और कार्यो पर चर्चा की जाएगी। जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों को बोलने का मौका दिया जाएगा। चर्चा के अंत में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में कांग्रेस द्वारा मत देने का विरोध करते हुए निंदा प्रस्ताव लाया जा सकता है।

### महिला नेत्रियों को मिला है टास्क

जानकारों की मानें तो सरकार पर बैठी भाजपा ने अपनी महिला विधायकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम और राज्य में महिला सशक्तीकरण को लेकर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में अध्ययन करने को कहा गया है। पार्टी अपनी महिला विधायकों को आगे रखकर इस अधिनियम को लेकर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया जाएगा। इसमें वरिष्ठ विधायक अर्चना चिटनिस,रीती पाठक, सहित दूसरी वरिष्ठ विधायकों द्वारा अधिनियम के पक्ष में बात रखी जाएगी,तो कांग्रेस भी अपनी महिला विधायकों के जरिए सदन में अपनी बात रखने का प्रयास करेगी। इसके लिए पार्टी ने अपनी सभी महिला विधायकों को हर हाल में सदन में मौजूद रहने को कहा हैं।

### महिला मंत्री भी बताएंगी कार्यों को

सदन में चर्चा के दौरान सरकार की महिला मंत्रियों द्वारा अपने विभागों द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर किए जा रहे कार्यो और योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। विशेष तौर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया द्वारा लाड़ली बहना योजना के अलावा महिला कल्याण से जुड़ी दूसरी योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट सदन में पेश करेंगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह त्रिस्तरीय पंचायती राज में महिलाओं को मिले प्रतिनिधित्व के बारे में जानकारी देंगी, तो नगरीय विकास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी निकायों में महिलाओं की मौजूदा भागीदारी पर सदन में वक्तव्य दे सकती हैं।

### कांग्रेस तो महिला विरोधी सोच ही दिखाएगी: अर्चना चिटनिस

वरिष्ठ विधायक अर्चना चिटनिस का कहना है कि कांग्रेस महिलाओं को आरक्षण दिलाना ही चाहती। वह केवल महिला हितैषी होने का वांग रचती है। इसलिए वह जानबूझकर सदन में ऐसा कृत्य करती



है,जिससे महिला आरक्षण लटका रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा और केन्द्र सरकार चाहती है,कि संशोधन बिल जनगणना और परिसीमन के साथ जल्द पारित हो जाए,जिससे महिलाओं के वर्ष 2029 से ही आरक्षण मिल सके। परिसीमन होगा तभी तो सीटें बढ़ेंगी और आरक्षण का लाभ महिलाओं को मिल सकेगा। चिटनिस ने कहा कि कांग्रेस अगर संकल्प पत्र लाती है, तो उसका कोई आधार नहीं है,क्योंकि यह बिल तो पहले ही पारित हो चुका है। यदि संसद के वर्तमान संख्या बल पर आरक्षण दिया जाता है तो नारी शक्ति को आरक्षण का लाभ मिलने में पांच साल इंतजार करना पड़ेगा। कांग्रेस की मूल सोच भी महिला आरक्षण टालना है, संकल्प पत्र की तैयारी भी इसी उद्देश्य से है।

# सेवादल का सत्याग्रह खत्म कांग्रेस ने सरकार को घेरा



**विशेष संवाददाता भोपाल।** प्रदेश में गेहूं खरीदी में बदहाली और किसानों की ब्याज मुक्ति को लेकर कांग्रेस सेवादल का सत्याग्रह 25 घंटे बाद शुक्रवार को समाप्त हो गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सत्याग्रह पर बैठे कार्यकर्ताओं को जूस पिलाकर उनका अनशन तुड़वाया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सेवादल ने गुरूवार को अपनी मांगों को लेकर भोपाल में सत्याग्रह प्रारम्भ किया था। जिसमें सेवादल के कई कार्यकर्ता उपवास पर बैठे थे। 25 घंटे के बाद कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने अनशन स्थल पहुंचकर उपवास कर रहे सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष अवनीश भार्गव व दूसरे कार्यकर्ताओं का जूस पिलाकर उपवास खत्म कराया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने कहा कि गेहूं खरीदी में राज्य सरकार द्वारा देरी की गई हैं, ताकि किसान मजबूरी में अपना अनाज कम दाम पर व्यापारियों को बेंच दें। यह स्थिति पूरी तरह से किसानों के हितों के विपरीत है और उनके साथ सरकार द्वारा अन्याय किया जा रहा है। इसकी वजह से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की पहचान अब विकास नहीं बल्कि भ्रष्ट्राचार के कैंसर से होने लगी है।

# राज्यमंत्री बागरी के जाति प्रमाण पत्र पर 30 जून तक फैसला लेगी उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति

## हाईकोर्ट ने दिया 60 दिन तक टाइम, सरकारी वकील ने नियमानुसार जांच कर फैसला लेने का दिया आश्वासन

**जागरण, भोपाल।** पहली बार की विधायक और प्रदेश नगरीय विकास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का जाति प्रमाण पत्र एक बार फिर मुश्किल में आ गया है। हाईकोर्ट ने उनका जाति प्रमाण पत्र सीधे हाईलेवल कास्ट स्क्रूटनी कमेटी के पास भेज दिया है। साथ ही इसकी सघन छानबीन कर 30 जून 2026 तक फैसला लेने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया है कि हाई लेवल कमेटी यदि 60 दिन में कोई फैसला नहीं लेती है तो पुरानी याचिका दोबारा जीवित की जा सकेगी। सरकारी वकील ने भी अदालत को आश्वस्त किया है कि अब नियमानुसार छानबीन जांचकर फैसला लिया जाएगा। इसकी सूचना याचिकाकर्ता को भी भेजी जाएगी। राज्यमंत्री बागरी के जाति प्रमाण पत्र की वैधता को लेकर प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान गाइड लाइन देते हुए कहाकि याचिकाकर्ता द्वारा 31 मार्च 2025 को दिए गए आवेदन के आधार पर हाईलेवल कास्ट स्क्रूटनी कमेटी सुनवाई करेगी। इसमें प्रतिवादी पक्ष को भी सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाएगा।





निर्धारित प्रक्रिया के तहत सघन जांच कर कमेटी यह तय करेगी कि राज्यमंत्री बागरी का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र वैध है या नहीं। जांच पूर्ण होने के बाद कमेटी विधिवत आदेश भी जारी करेगी।

**भेजना होगी आदेश की प्रति:** इस मामले में प्रक्रिया का निर्धारण करते हुए जहां अदालत ने प्रतिवादियों को भी सुनवाई का पूरा मौका देने की बात की। वहीं दोनों पक्षों को निर्देशित किया कि वे 30 जून 2026 तक हाईलेवल कास्ट स्क्रूटनी कमेटी का आदेश स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजें, ताकि समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि 30 जून 2026 तक कमेटी कोई निर्णय नहीं लेती है तो याचिकाकर्ता इस याचिका को पुनर्जीवित कराने के लिए स्वतंत्र होंगे।

### अहिरवार ने दी थी चुनौती

विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस के नेता प्रदीप अहिरवार ने मंत्री बागरी के जाति प्रमाण पत्र को अवैध बताते हुए अदालत में चुनौती दी थी। अहिरवार का आरोप है कि बागरी ने गलत तरीके से अनुसूचित जाति (एससी) का प्रमाण पत्र बनवाकर आरक्षण का लाभ लिया है। उन्होंने इसी प्रमाण पत्र के आधार पर सतना जिले की रैगांव विधानसभा सीट से चुनाव जीता। जबकि संबंधित क्षेत्र में बागरी जाति अनुसूचित जाति की सूची में शामिल ही नहीं है। मंत्री बागरी वास्तव में राजपूत/ठाकुर समुदाय से संबंध रखती हैं। याचिका में 1961 और 1971 की जातिगत जनगणना, 2003 की राज्य स्तरीय जाति छानबीन समिति के फैसले और 2007 के केंद्र सरकार के राजपत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि 'बागरी' को एससी श्रेणी में शामिल नहीं किया गया है। वे पहले भी इस मामले में याचिका दायर कर चुके हैं। मगर बाद में उन्होंने खुद ही अपनी याचिका वापस ले ली थी। नए दस्तावेजों और तथ्यों के साथ दोबारा याचिका दायर की गई है। अहिरवार ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान अदालत के आदेश की विस्तृत जानकारी दी।

# डेयरी विकास योजना में 26 हजार गांव जुड़ें रोज 52 लाख लीटर दूध का हो संग्रहण

## सीएम ने स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन समिति की ली बैठक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में डेयरी विकास योजना के तहत 26 हजार गांवों को जोड़ा जाए, जहां से 52 लाख लीटर तक हर दिन दूध का संकलन करने का लक्ष्य तय किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दुग्ध संघों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। समितियों में महिला सदस्यों को जोड़ने की दिशा में प्रयास होने चाहिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को समत्व भवन में स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की राज्य स्तरीय संचालन समिति की दूसरी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन के जरिए पशुपालकों और किसानों को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाना है, इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। किसान कल्याण वर्ष में राज्य सरकार डेयरी गतिविधियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। कुछ समय से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के दुग्ध संघों को दिए जा रहे सहयोग से दुग्ध संकलन में वृद्धि हुई है और किसानों को भी दूध के बेहतर दाम मिल रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध उत्पादों को ब्राण्ड बढ़ाने



की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए नई पैकेजिंग डिजाइन कर उत्पादों की पहुंच का अधिक से अधिक विस्तार किया जाए। इसके लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए कार्ययोजना बनाई जाए। जिसमें डेयरी सहकारी कवरेज के विस्तार और सुदृढ़ीकरण, नई डेयरी प्रसंस्करण, उत्पाद निर्माण और पशु चारा संयंत्र के आधुनिकीकरण, डेयरी वैल्यू चैन के डिजीट्लाइजेशन और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीएम ने कहा कि एन.डी.डी.बी के अनुभव के आधार पर राजधानी से लेकर ग्राम स्तर दूध के उत्पादन को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों तथा प्रदेश के युवाओं को डेयरी टेक्नोलॉजी की नई तकनीकों से परिचित कराने की भी आवश्यकता है।

### दसवीं टॉपर को मिलेंगे एक लाख रुपए

मुख्यमंत्री ने दसवीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा पन्ना की कु. प्रतिभा सिंह सोलंकी को माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 500 में से 499 अंक प्राप्त करने पर एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। अपने माता-पिता के साथ सीएम निवास पहुंची प्रतिभा को डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने प्रतिभा को सुशासन की प्रतीक लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर मां की मूर्ति भेंट की और कहा कि प्रतिभा जैसी बेटियां प्रदेश की शान हैं। प्रतिभा की सफलता लाखों बेटियों और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

# एक और नियुक्ति, बघेल बने पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष

## सरकार ने लगातार दूसरे दिन की राजनीतिक नियुक्ति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को एक और राजनीतिक नियुक्ति कर दी। केशव सिंह बघेल को राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया हैं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को सरकार ने एससी और एसटी आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की थी। पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है, जिसमें केशव सिंह बघेल को मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कट विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। बघेल ग्वालियर जिला पंचायत के सदस्य हैं। वे भाजपा ग्वालिय जिला ग्रामीण के महामंत्री पद का भी दायित्व निभा चुके हैं।



### दो पर आदेश नहीं

गुरुवार को प्रदेश सरकार ने एससी और एसटी आयोग के अध्यक्षों व सदस्यों के नामों का आदेश जारी कर दिया था, लेकिन महिला और बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्षों के नामों का एलान नहीं किया गया, जबकि इन दोनों आयोगों में नियुक्ति होने की खबरे सामने आई थीं। इसी तरह शुक्रवार को भी अपेक्स बैंक के अध्यक्ष के तौर पर महेन्द्र सिंह यादव की नियुक्ति किए जाने की चर्चा हो रही है। उनकी नियुक्ति आदेश राज्य शासन द्वारा जल्द जारी कर दिया जाएगा। केशव भदौरिया को मप्र महाराणा प्रताप बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने की बातें सामने आ रही है। इनका भी आदेश जारी नहीं किया गया है।

**भाजपा प्रकोष्ठ संयोजक भी बने:** इधर भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने कुछ प्रकोष्ठों में संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। इंदौर के धीरज खंडेलवाल को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाया गया है,तो इसी शहर के महेश पालीवाल शिक्षक प्रकोष्ठ और कटनी के श्याम निषाद को मछुआरा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाया गया है।

### जादौन बने अध्यक्ष

इसी तरह सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने शुक्रवार की अपने आदेश के जरिए अशोक जादौन को ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्ति कर दिया। उदयवीर सिंह गुर्जर को प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। बताया गया है कि आने वाले एक दो दिन में कुछ और निगम और प्राधिकरण के अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति के आदेश जारी हो सकते हैं। इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलते ही आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

### दावेदार की नजर सरकार पर

निगम मंडलों के खाली पदों पर नियुक्ति की आस लिए दावेदारों की नजर राज्य सरकार पर है। उनके द्वारा अपने प्रशासनिक संपर्क के जरिए यह पता लगाया जा रहा है कि कब तक सूची जारी होगी। इधर भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों का क्रम प्रारम्भ हो गया है। राज्य सरकार एक साथ सभी पदों की घोषणा न करके एक या दो पदों की नियुक्तियों का आदेश जारी करेगी।

**योजना** राज्य शासन ने मसौदा बनाने आयुक्त को दी जिम्मेदारी, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

# प्रदेश में बनेगी राज्य एकीकृत दिव्यांगजन नीति

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** महिलाओं व बच्चों की तरह अब निःशक्तजनों के समग्र विकास और कल्याण के लिए भी प्रदेश में अलग नीति तैयार की जाएगी। दिव्यांगजनों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए इस नई नीति को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत प्रदेश में लागू किया जाएगा। राज्य शासन ने विस्तृत नीति बनाने की जिम्मेदारी आयुक्त निशक्तजन को सौंपी है। लंबे समय से चल रहे विचार विमर्श के बाद राज्य शासन ने समग्र निशक्तजन नीति को आकार देने की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग के प्रमुख सचिव ने माना है कि प्रदेश में निशक्तजनों के सर्वांगीण विकास व कल्याण के लिए प्रदेश में अलग नीति की महती आवश्यकता है। इसके मद्देनजर विभाग ने आयुक्त दिव्यांगजन डॉ. अजय खेमरिया को नीति बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। असल में आयुक्त खेमरिया ने ही बीते दिनों एक बैठक में नीति बनाने के संबंध में निर्देश दिए थे। इसके साथ ही उन्होंने फरवरी माह में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को भी पत्र लिखकर मध्यप्रदेश की एकीकृत दिव्यांगजन नीति बनाने का सुझाव दिया था।

### ऐसे मिल सकता है परिणाम

आयुक्त डॉ खेमरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सुझाव देते हुए लिखा था कि जिस तरह प्रदेश सरकार महिलाओं व बच्चों के लिए समग्र नीति बनाकर काम कर रही है। उसी तरह दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए भी अलग से नीति बनाकर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश की एकीकृत दिव्यांगजन नीति बनाया जाना चाहिए। इस नीति के बनने से दिव्यांगों के विकास एवं कल्याण के लिए काम करने वाले सभी विभाग एक छाते के नीचे आ जाएंगे। इससे दिव्यांगों के हित में किए जाने वाले कार्यों को भी समन्वित तरीके से किया जा सकेगा।

### प्रदेश में हैं 10 लाख से ज्यादा दिव्यांग

मुख्यमंत्री को भेजे अपने पत्र में आयुक्त डॉ. खेमरिया ने लिखा था कि प्रदेश में 10 लाख से अधिक दिव्यांग निवासरत हैं। यह संख्या भविष्य में और बढ़ेगी। सहानुभूति की अपेक्षा रखने वाले दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए सरकार के स्तर पर कुछ अलग करने की जरूरत है। वर्तमान में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग इस दिशा में कार्य करता है, लेकिन प्रायः देखने में आता है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 का पालन करते हुए विभिन्न विभाग अलग-अलग नियम व नीति बनाकर काम करते हैं। विभागों द्वारा अलग-अलग जिम्मेदारी निभाने से न तो दिव्यांगजनों को पर्याप्त लाभ मिल पाता है और न समग्रता से इन कार्यों का परिणाम ही सामने आ पाता है। प्रदेश स्तर पर भी इन योजनाओं व कार्यों का परिणाम नहीं मिल पाता।

### नीति में यह रहेगा खास


प्रदेश की प्रस्तावित एकीकृत दिव्यांगजन नीति में राज्य स्तर से दी जाने वाली राज्य निधि, निराश्रित निधि, विभिन्न योजनाओं एवं पुनर्वास व कल्याण से जुड़े सभी पहलुओं को समाहित किया जाएगा। इस नीति का मसौदा तैयार करने के लिए दिव्यांगजन कल्याण से जुड़े विभिन्न विभागों, शासकीय व अशासकीय संस्थाओं, विशेषज्ञों, संबंधित सिविल सोसायटी सदस्यों, प्रख्यात खिलाड़ियों एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं से चर्चा की जाएगी। इसके लिए संवाद के सत्र आयोजित किए जाएंगे। आयुक्त के स्तर से ही राज्य दिव्यांगजन नीति का मसौदा तैयार कर राज्य शासन को सौंपा जाएगा।

संन्यास लेने के बाद हर्षा का संतों को जवाब

# डेढ़ साल से दे रही अग्नि परीक्षा बदलाव किसी भी क्षण संभव

**जागरण, भोपाल।** दूसरी बार संन्यास लेने के बाद भी संतों का कोपभाजन बन रहीं स्वामी हर्षानंद पुराना नाम हर्षा रिछारिया ने श्रीराम, मीरा और गौतम बुद्ध का हवाला देते हुए संतों को जवाब दिया है। सोशल मीडिया के जरिए मार्मिक जवाब देते हुए हर्षा रिछारिया का कहना है कि डेढ़ साल से अग्नि परीक्षा दे रही हूं। अपमान सहकर अब मानसिक रूप से मजबूत हो गई हूं। वैसे भी जीवन में बदलाव तो किसी भी क्षण हो सकता है। पिछली बार की तरह इस बार भी संन्यास के बाद संतों के निशाने पर आई स्वामी हर्षानंद ने अपने वीडियो में आस्था और कर्म मार्ग पर अपनी आस्था जताते हुए कहाकि अगर राम ने मेरी किस्मत में संन्यास लिखा है, तो उसे कोई नहीं रोक सकता। इतिहास साक्षी है कि जब-जब किसी ने सत्य और कर्म का मार्ग चुना, उसे विरोध और अपमान का सामना करना पड़ा। मीरा, जीसस, गौतम बुद्ध, भगवान राम और सीता का उदाहरण सभी के सामने है।

### पहले प्रयागराज अब उज्जैन में दीक्षा



भोपाल की हर्षा रिछारिया महाकुंभ से सुर्खियों में आई थीं, जब संन्यास लेकर वह संतों की सवारी में रथ पर सवार हो गई थीं। संतों ने ही इसे पब्लिसिटी स्टंट बताते हुए नाराजगी जताई थी। हाल ही में हर्षा ने महामंडलेश्वर सुमनानंद से उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में संन्यास ले लिया। दीक्षा के बाद उन्हें स्वामी हर्षानंद गिरि नाम दिया गया है।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

-1000 76,664

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Coal India | 462.00 | 1.19% |
| Trent | 4,344.00 | 1.08% |
| Nestle | 1,430.90 | 0.77% |
| Hindalco | 1,054.00 | 0.67% |
| SBI | 1,106.00 | 0.63% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Infosys | 1,223.90 | -6.93% |
| HCL Tech | 1,264.80 | -5.82% |
| TCS | 2,505.00 | -4.95% |
| Tech Mahindra | 1,426.70 | -4.43% |
| Sun Pharma | 1,673.30 | -3.55% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 94,2500 |
| € यूरो | 110.15 |
| ¥ येन | 0.5900 |
| £ पौंड | 127.08 |

# चीनी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कार लांच, 38 मिनट में 10000 से ज्यादा आर्डर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इलेक्ट्रिक गाड़ियां आज के समय में काफी पॉपुलर हो रही हैं। कई कंपनियां एक से बढ़कर एक शानदार फीचर्स वाली इलेक्ट्रिक कारें मार्केट में उतार रही हैं और इनको अच्छी-खासी संख्या में ग्राहक भी मिल रहे हैं। चीन की प्रीमियम इलेक्ट्रिक कार कंपनी जीकर (जो गीले ग्रुप का हिस्सा है) ने चीन में अपनी नई हाइब्रिड एसयूवी 8एक्स को आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया है। यह एक प्लग-इन हाइब्रिड कार है। इसका मतलब है कि यह पेट्रोल और बिजली (बैटरी) दोनों से चलेगी। लॉन्च होते ही यह कार चीनी मार्केट में छा गई है। इसकी पॉपुलैरिटी का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि लॉन्च होते ही इसे महज 38 मिनट में 10000 से ज्यादा ऑर्डर मिल गए। हालांकि, भारत में इसकी लॉन्चिंग की अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।

**वेरिएंट्स और कीमत :** कंपनी ने इस इलेक्ट्रिक कार को काफी आकर्षक कीमत पर लॉन्च किया है। इंटेस्टिंग इंजीनियरिंग की रिपोर्ट के मुताबिक चीन में कुछ समय के लिए शुरुआती ऑफर के तौर पर इसकी शुरुआती कीमत 329,800 युआन (भारतीय रुपयों में करीब 45 लाख रुपये) रखी गई है। हालांकि, इसका प्राइस 356,800 युआन (भारतीय रुपयों में करीब 49 लाख रुपये) से शुरू होकर टॉप मॉडल के लिए 500,800 युआन (भारतीय रुपयों में करीब 69 लाख रुपये) तक जाता है। यह इलेक्ट्रिक कार मैक्स, अल्ट्रा, अल्ट्रा+ और टॉप-एंड याओयिंग में उपलब्ध है।

### सुपरकार जैसी रफ्तार है जीकर 8 एक्स की

जीकर 8एक्स कार रफ्तार के मामले में भी जबरदस्त है। इस इलेक्ट्रिक कार में 2.0 लीटर का टर्बो पेट्रोल इंजन और पावरफुल इलेक्ट्रिक मोटर दी गई हैं। इसका टॉप मॉडल (याओयिंग) 1,381 हॉर्सपावर की जबरदस्त पावर जेनरेट करता है और मात्र 2.96 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकता है।




### लंबी दूरी के लिए बेहतरीन

हाइब्रिड होने की वजह से यह कार लंबी दूरी तय करने के लिए बेहतरीन कार है। यह 55.1 केडब्ल्यूएच और 70 केडब्ल्यूएच के दो बैटरी पैक्स में आती है। पेट्रोल और बैटरी दोनों को मिलाकर यह कार एक बार में 1,416 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। यह इलेक्ट्रिक कार फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करती है। इसकी बड़ी बैटरी मात्र 9 मिनट में 20 से 80 प्रतिशत तक चार्ज हो सकती है।

### लग्जरी और हाई-टेक फीचर्स

अंदर से यह कार किसी आलीशान कमरे जैसी महसूस होती है। इसका इंटीरियर काफी हाई-टेक है। यह 5-सीटर और 6-सीटर दोनों विकल्पों में आती है। इसमें 44-इंच का बड़ा हेड-अप डिस्प्ले और पीछे बैठने वाले यात्रियों के लिए अलग एलईडी स्क्रीन दी गई है। कार में बेहतरीन साउंड के लिए 29 स्पीकर्स वाला नाइम साउंड सिस्टम दिया गया है। कंपनी ने कार में 43 सेंसर्स और 5 लाइडर दिए हैं, जो इसे खुद चलने और पहले से खतरों का पता लगाने में मदद करते हैं।

# बैंकिंग सेफ नहीं, आरबीआई ने रद्द किया पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमि. का लाइसेंस

## यूपीआई ऐप काम करता रहेगा, बैंक के पास ग्राहकों को लौटाने के लिए पर्याप्त पैसा: रिजर्व बैंक

**मुंबई, जेएनएन।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक का कामकाज आज 24 अप्रैल से पूरी तरह बंद कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का बैंकिंग लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। आरबीआई ने कहा कि बैंक के कामकाज से ग्राहकों का पैसा सुरक्षित नहीं था। हालांकि, यूपीआई एप पहले की तरह चलता रहेगा। आरबीआई ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के पास इतनी नकदी है कि बैंक बंद होने की प्रक्रिया के दौरान वह अपने सभी ग्राहकों की जमा राशि वापस कर सकता है। इसका मतलब यह है कि जमाकर्ताओं का पैसा डूबने की संभावना नहीं है।

**फैसले का क्या असर होगा**-अगर आप पेटीएम यूपीआई को किसी दूसरे बैंक (जैसे एसबीआई, एचडीएफसी आदि) से लिंक करके चला रहे हैं, तो यूपीआई चलता रहेगा। लेकिन अगर पेटीएम पेमेंट्स बैंक ही आपका बेस अकाउंट था तो आपको इसे दूसरे बैंक में शिफ्ट करना होगा। इस बैंक में जमा पैसा आप निकाल सकते हैं।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 2015 में मिला था लाइसेंस




पेटीएम पेमेंट्स बैंक को अगस्त 2015 में सीमित बैंकिंग लाइसेंस मिला था। इसके तहत बैंक छोटी जमा राशि स्वीकार कर सकता था, लेकिन उसे सीधे लोन देने की अनुमति नहीं थी।

### 2022 से भारतीय रिजर्व बैंक के रडार पर था पेटीएम बैंक

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक की सख्ती काफी पुरानी है। इसकी शुरुआत मार्च 2022 में हुई थी, जब आरबीआई ने बैंक को नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया था। इसके बाद जनवरी 2024 में नियमों के उल्लंघन और कस्टमर ड्यू डिलिजेंस (केवायसी) में खामियों के चलते बैंक को नए डिपॉजिट लेने से भी रोक दिया गया था। तभी से बैंक केवल पुराने डिपॉजिट निकालने और लोन रेफरल जैसी सीमित गतिविधियों तक ही सिमट गया था।

### चार वजहें जिससे लाइसेंस हुआ रद्द

- **ग्राहकों का नुकसान**- बैंक जिस तरह से काम कर रहा था, उससे वहां पैसा जमा करने वाले लोगों का पैसा सुरक्षित नहीं था।
- **मैनेजमेंट की लापरवाही**-बैंक चलाने वाले अधिकारियों का रवैया और फैसले आम जनता और खाताधारकों के फायदे में नहीं थे।
- **जारी रखने का कोई फायदा नहीं**- रिजर्व बैंक को लगा कि इस बैंक को और ज्यादा चलाने से जनता को कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि जोखिम ही बढ़ेगा।
- **शर्तें तोड़ीं**- बैंक ने लाइसेंस लेते समय जो वादे और नियम (जैसे केवायसीऔर फंड्स का सही इस्तेमाल) माने थे, उनका लगातार उल्लंघन किया गया।

## भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 27 को




**नई दिल्ली, जेएनएन।** न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को लेकर बड़ी घोषणा की है। लक्सन ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर 27 अप्रैल को हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत और न्यूजीलैंड ने पिछले वर्ष दिसंबर को व्यापार वार्ताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था। यह 2020 के बाद से भारत का सातवां व्यापार समझौता है। भारत ने अब तक श्रीलंका, भूटान, थाईलैंड, सिंगापुर, मलयेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और मॉरीशस के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इसके अलावा, भारत ने 10 देशों के समूह आसियान और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ भी व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही, भारत अब तक अमेरिका, यूरोपीय संघ, चिली, पेरू और इस्राइल सहित कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ नए व्यापार समझौते पूरी करने पर बातचीत कर रहा है।

# रिलायंस का मुनाफा 13% गिरा



**मुंबई, जेएनएन।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 13% घटकर 16,971 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में प्रॉफिट 19,407 करोड़ था। हालांकि, इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू 13 प्रतिशत बढ़कर 2.98 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। रिलायंस के बोर्ड ने निवेशकों के लिए 6 प्रति शेयर डिविडेंड की सिफारिश भी की है।

**अंबानी बोले- ग्लोबल चुनौतियों के बीच रिलायंस का प्रदर्शन स्थिर**-रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2026 के दौरान हमें भू-राजनीतिक बाधाओं, ऊर्जा की अस्थिर कीमतों और बदलते ग्लोबल ट्रेड पैटर्न का सामना करना पड़ा। हमारे मजबूत पोर्टफोलियो और घरेलू बाजार पर पकड़ की वजह से हम अस्थिरता से निपटने में सफल रहे।

## मेटा ने किया कंफर्म, 8 हजार कर्मचारियों को निकालेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अफवाहों के लंबे दौर के बाद अब मेटा ने कंफर्म कर दिया है कि वह बड़े स्तर पर छंटनी करने जा रही है। मेटा ग्लोबल वर्कफोर्स में से करीब 10 परसेंट कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है। आने वाले दिनों में कंपनी अपने अधिकतर कामों को ऑटोमेशन की तरफ ले जा रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में एक मीमो का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया है कि मेटा के चीफ पीपुल ऑफिसर जेनेला गाले के ऑफिस की तरफ से कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। मैसेज में कहा है कि कंपनी आंतरिक बदलाव को लेकर काम कर रही है, जिसके चलते करीब 20 मई को ये बदलाव देखने को मिलेगा।

## टाइम्स और रिलायंस की पार्टनरशिप में लॉन्च होगा टाइम्स 100 नेक्स इंडिया



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के उभरते टैलेंट और लीडरशिप को अब एक बड़ा ग्लोबल मंच मिलने जा रहा है। मशहूर मैगजीन टाइम्स ने पहली बार भारत में अपने प्रतिष्ठित फ्रेंचाइज का विस्तार करने का ऐलान किया है। टाइम 100 नेक्स को टाइम100 नेक्स इंडिया नाम से लॉन्च होने वाला यह खास संस्करण देश के उन उभरते नेताओं को पहचान देगा, जो अपने काम और सोच से भविष्य को आकार दे रहे हैं। इस पहल की घोषणा न्यूयॉर्क सिटी में आयोजित टाइम्स 100 गाला के दौरान की गई। मंच पर टाइम्स की सीईओ जेसिका सिबली और रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक व चेयरपर्सन नीता मुकेश अंबानी ने मिलकर इस नई पहल का ऐलान किया। यह साझेदारी भारत के टैलेंट को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

**100 उभरते भारतीयों को मिलेगा सम्मान**-टाइम100 नेक्स इंडिया लिस्ट को टाइम्स के एडिटर्स तैयार करेंगे। इसमें भारत और भारतीय डायस्पोरा के 100 उभरते नेताओं को शामिल किया जाएगा। ये लोग कला, विज्ञान, बिजनेस, खेल, सामाजिक कार्य और अन्य क्षेत्रों से होंगे। इस लिस्ट का मकसद उन लोगों को पहचान देना है, जो आने वाले समय में देश और दुनिया में बड़ा बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं।

**मुंबई में होगा भव्य आयोजन**

इस लिस्ट को ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा और इसके बाद दिसंबर 2026 में मुंबई में एक भव्य गाला का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जहां इन उभरते नेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# रायसेन-नर्मदापुरम सहित पांच लू की चपेट में, आज 22 जिलों में चेतावनी

## खजुराहो में पारा 43.9 डिग्री, पूरे प्रदेश में 40 से ऊपर तापमान, 45 तक जा सकता है अधिकतम तापमान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। राजस्थान से आने वाली हवाओं के कारण प्रदेश में गर्मी बढ़ रही है। गर्म हवाओं के चलते प्रदेश का औसत तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। भोपाल मौसम केंद्र द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को एमपी के पांच जिलों में लू चली। इसमें रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़ और निवाड़ी का नाम शामिल है। वहीं शनिवार के लिए 22 जिलों में लू की चेतावनी जारी की गई है। तापमान की बात करें तो सबसे ज्यादा तापमान छतरपुर के खजुराहो में दर्ज किया गया, यहां अधिकतम पारा 43.9 डिग्री रहा। इसके बाद नौगांव में 43.5 और रतलाम में 43.4 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।




छाया: एचसी वर्मा

भोपाल में बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर दोपहर में छाया रहा सन्नाटा। आमदिनों में यहां लोगों की खासी भीड़ रहती है।

### भोपाल की रात प्रदेश में सबसे गर्म

एक तरफ जहां बुंदेलखंड के खजुराहो व नौगांव में दिन सबसे ज्यादा गर्म हैं, वहीं दूसरी तरफ भोपाल की रात प्रदेश में सबसे गर्म रही। गुरुवार-शुक्रवार की रात भोपाल में न्यूनतम पारा 26 डिग्री दर्ज किया गया। जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है, यह सामान्य से लगभग 3 डिग्री अधिक है। वहीं यदि दिन के अधिकतम तापमान की बात करें तो दिन में भोपाल का अधिकतम पारा 41.6 डिग्री रहा, यह सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक है।

### सीजन में पहली बार 22 जिलों में लू का अलर्ट

प्रदेश में भीषण गर्मी की शुरुआत करीब 15 अप्रैल के बाद हुई है। अभी तक कुछ चुनिंदा जिलों में लू का प्रभाव देखने को मिला है। लेकिन शनिवार को 22 जिलों में लू का येलो अलर्ट यानि चेतावनी जारी की गई है। इस सीजन में यह पहली बार है कि एक साथ एक दिन में इतनी बड़ी संख्या में जिले लू की चपेट में आएंगे।

**इन जिलों में चली लू:** रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़, निवाड़ी

**यहां लू की चेतावनी:** मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, उमरिया, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, झाबुला, धार, अलीराजपुर।

**पांच सबसे गर्म स्थान**

| खजुराहो | नौगांव | रतलाम | टीकमगढ़ | दमोह |
|---|---|---|---|---|
| 43.9 | 43.5 | 43.2 | 42.8 | 42.6 |

तापमान बढ़ने के कारण हीट वेव और गर्म रात भी रहेगी।

### अभी और बढ़ेगी गर्मी

भोपाल मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानी पीके रैकवार ने बताया कि अगले दो-तीन दिन में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री और बढ़ने का अनुमान है। इस आधार पर माना जा रहा है कि भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में गर्मी अभी और बढ़ेगी। तापमान बढ़ने के कारण हीट वेव और गर्म रात भी रहेगी। हालांकि उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि 27 अप्रैल से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। जिसका असर ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर पर पड़ सकता है। इस कारण इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

## गोदरेज इंडस्ट्रीज की दो कंपनियों का आएगा आईपीओ, वित्तीय सेवाएं बढ़ेंगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरमैन डेजिग्नेट पिरोजशा गोदरेज ने अगले 5 साल के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं बताई हैं, जिसमें मार्केट कैप को 5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना और दो कंपनियों का आईपीओ लाना शामिल है। ग्रुप गोल्ड लोन और पर्सनल लोन जैसे नए उत्पादों के साथ वित्तीय सेवाओं का विस्तार करेगा, साथ ही मौजूदा व्यवसायों की पूरी क्षमता हासिल करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। गोदरेज ग्रुप की रिस्ट्रक्चरिंग के ठीक दो साल बाद गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने अपनी नई ब्रांडिंग लांच कर दी है। 129 साल की लीगेसी, लेकिन कुल जमा दो साल की उम्र वाले इस समूह की कमान चेयरमैन डेजिग्नेट पिरोजशा गोदरेज के हाथों में है। महज 45 वर्ष की उम्र में इस बड़े उद्योग घराने के मुखिया बने पिरोजशा ने अगले पांच साल में ग्रुप का मार्केट कैप 5 लाख करोड़ करने और दो नई कंपनियों को शेयर बाजार में लिस्ट कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।

## 30 हजार नर्सिंग छात्रों को हाईकोर्ट से झटका

**जबलपुर।** तीन दिन बाद परीक्षा देने की तैयारी में जुटे नर्सिंग के 30 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को हाईकोर्ट से जमकर झटका लगा है। प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में फर्जीवाड़े की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की युगलपीठ ने कहा कि हाईकोर्ट की अनुमति के बगैर परीक्षाएं नहीं हो सकेंगी। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 28 अप्रैल को तय की है। जबकि इसी दिन यानी 28 अप्रैल से ही नर्सिंग कालेजों की परीक्षाएं शुरू होना थीं। हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस अविनेंद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने आदेश सुनाया। अदालत की अनुमति के बिना परीक्षाएं न होने का आदेश देते हुए युगलपीठ ने कहाकि आगामी परीक्षाओं के लिए नर्सिंग काउंसिल को अनुमति लेनी होगी। साथ ही अपात्र कॉलेजों के छात्र पहले पात्र कॉलेजों में ट्रांसफर किए जाए। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई द्वारा की गई जांच में 800 में से 600 कॉलेज अपात्र पाए गए थे। याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने अदालत में लगाए आवेदन में आरोप लगाया था कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले कागजी /अमानक कालेजों में जीएनएम कोर्स संचालित करने वाले जो 117 नर्सिंग कॉलेज सीबीआई जांच में अपात्र पाए गए थे।

## अर्थव्यवस्था की मजबूती देने रूस ने बेचा 2200 किलो सोना



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान युद्ध में अगर किसी ने कमाई की है, तो वो है रूस। रूस ने अमेरिका की ओर से तेल निर्यात पर प्रतिबंधों में छूट का भरपूर फायदा उठाया और तेल निर्यात से रूस से अपनी तिजोरी भर ली है। डिमांड के मुताबिक सप्लायर कम है, तो ऊंची कीमतों पर रूस तेल बेच रहा है। तेल से हर दिन रूस के खजाने में 713 मिलियन यूरो पहुंचे, लेकिन दूसरी तरफ मॉस्को ताबड़तोड़ सोने की सेल कर रहा है। रूस ने 22000 किलो सोना बेच दिया है। एक तरफ तेल से कमाई तो दूसरी ओर सोना बेच रहे रूस की परेशानी युद्ध है। होर्मुज बंद दोने की वजह से अमेरिका ने रूसी तेल के निर्यात से प्रतिबंध को हटा दिया। इस प्रतिबंध के हटते ही रूस ने भरपूर तेल का निर्यात किया। टेलीग्राफ के डेटा के मुताबिक रूस से तेलों की इस खेप से 760 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त कमाई कर ली है। किवी स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स इंस्ट्रीट्यूट के मुताबिक तेल से रूस की मंथली इनकन 12 अरब से बढ़कर 24 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। डेटा के मुताबिक रूस का तेल एक्सपोर्ट रेवेन्यू फरवरी 2026 के 9.75 अरब डॉलर से बढ़कर मार्च 2026 में 19.04 अरब डॉलर यानी करीब 1.77 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है.

**रूस ने क्यों बेचा इतना सोना:** ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने साल 2026 में अब तक 21.8 टन यानी करीब 22000 किलो सोना बेच दिया है। रूस के सेंट्रल बैंक का सोने का भंडार अब 2304.76 टन पर पहुंच गया है, जिसमें मार्च के मुकाबले 6.22 टन की गिरावट आई है। दरअसल यूक्रेन के साथ बीते 4 साल से जंग रहते-रहते रूस थक चुका है।

**बड़ा खतरा** सरकार अलर्ट, बैंकिंग सिस्टम पर मंडराया नया संकट

# 'मिथोस' के लिए चुटकियों का काम है हैकिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तेज रफ्तार ने अब सरकारों और वित्तीय संस्थानों की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक द्वारा विकसित नए एआई मॉडल 'मिथोस' को लेकर वैश्विक स्तर पर हलचल मच गई है। वहीं चैट जीपीटी ने भी खतरा बढ़ा दिया है। 'मिथोस' जैसे एडवांस मॉडल साइबर हमलों की क्षमता बढ़ा सकते हैं, वहीं दूसरी तरफ एआई टूल्स अब इतने सक्षम हो गए हैं कि वे असली जैसे दस्तावेज तैयार कर सकते हैं।

असल में, 'मिथोस' ने कई ऑपरेटिंग सिस्टम और वेब ब्राउजर में दशकों पुरानी खामियां खोज निकाली हैं, जिनका इस्तेमाल हैकिंग के लिए किया जा सकता है। सरकार को आशंका है कि अगर ऐसे टूल गलत हाथों में पहुंचे, तो बैंकिंग सिस्टम और ग्राहकों के डेटा पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

भारत में भी इस खतरे को गंभीरता से लेते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैंकों और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई कि यह नया एआई मॉडल साइबर सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

वित्त मंत्रालय ने बैंकों को अपने आईटी सिस्टम मजबूत करने और साइबर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, एक ऐसा रियल-टाइम इंटेलिजेंस सिस्टम विकसित करने की योजना है, जिसमें बैंकों, कार्ट इन और अन्य एजेंसियों के बीच खतरों की जानकारी तुरंत साझा की जा सके। सरकार चाहती है कि किसी भी साइबर हमले की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके।विशेषज्ञों का मानना है कि असली खतरा तकनीक नहीं, बल्कि उसका गलत इस्तेमाल है। एआई का उपयोग जहां सुरक्षा मजबूत करने के लिए किया जा सकता है, वहीं इसका दुरुपयोग बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी, डेटा चोरी और वित्तीय अपराधों के लिए भी हो सकता है। सरकार अब एआई रेगुलेशन और साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। बैंकों को भी एडवांस वेरिफिकेशन सिस्टम, मल्टी-लेयर सिक्योरिटी और एआई-आधारित फ्रॉड डिटेक्शन अपनाने की सलाह दी गई है। स्पष्ट है कि आने वाले समय में एआई तकनीक और सुरक्षा के बीच यह 'दौड़' और तेज होने वाली है। ऐसे में सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि तकनीक का लाभ उठाते हुए उसके खतरों को कैसे नियंत्रित किया जाए।

### एआई से बना असली जैसा चेक




इसी बीच एआई के एक और पहलू ने आम लोगों को चौंका दिया है। एक सोशल मीडिया यूजर ने चैट जीपीटी के नए इमेज मॉडल से तैयार किया गया एक बैंक चेक शेयर किया, जो देखने में बिल्कुल असली जैसा था। यह चेक यूको बैंक का बताया गया, जिसमें 69,000 रुपये की राशि दर्ज थी।इस एआई-जनरेटेड चेक में खाता नंबर, बैंक शाखा, सिग्नेचर लाइन और एमआईसीआर कोड जैसे सभी तत्व बेहद सटीक तरीके से दिखाए गए थे। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर यह तेजी से वायरल हो गया और लोगों के बीच चिंता बढ़ गई। कई यूजर्स ने इसे देखकर कहा- 'अब हमारा खेल खत्म है', यानी तकनीक इतनी आगे बढ़ चुकी है कि असली और नकली में फर्क करना मुश्किल होता जा रहा है।

### शूटिंग कोच से स्टेडियम इंचार्ज ने की बदसलूकी रेंज से बाहर धकेला

**जागरण, उज्जैन।** शहर में नानाखेड़ा स्टेडियम इंचार्ज रामकुमार मिश्रा और शूटिंग कोच विराज परिहार के बीच विवाद का एक ताजा मामला सामने आया है। नागझिरी निवासी शूटिंग कोच विराज परिहार ने कहा कि नानाखेड़ा स्टेडियम इंचार्ज रामकुमार मिश्रा ने उनसे बदसलूकी की। फिर धक्के देकर रेंज से बाहर कर दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद कोच परिहार ने नानाखेड़ा थाने में लिखित शिकायत देकर मिश्रा पर कार्रवाई की मांग की है। नानाखड़ा टीआई नरेंद्र यादव ने कहा कि मारपीट के मामले में दोनों ओर से शिकायत आई है।

# पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा महादेवन मंदिर परिसर : कलेक्टर

## आदिसरई में महादेवन मंदिर स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने गत दिवस ग्राम पंचायत गढ़वा के ग्राम आदिसरई में महादेवन मंदिर व कुंड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस स्थल की विशेष धार्मिक मान्यता है। इसे पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित किया जायेगा। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को तत्संबंध में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत गढ़वा के ग्राम आदिसरई में स्थित महादेवन मंदिर के कुंड की मान्यता है यहां लोग श्रावण महीने में भगवान शिव को जलाभिषेक करने आते हैं श्रावण माह में यहां मेला भी लगता है। मान्यता यह भी है कि एक नाग देवता भगवान का सर्वप्रथम दर्शन करने आते थे सुबह-सुबह जब लोग यहां आते है तो उन नाग देवता का दर्शन भी होते है, एक और विचित्र बात है कि कुंड में होने के बावजूद शिवलिंग बरसात में ढक तो जाते हैं लेकिन डूबते कभी नहीं। अत्यधिक बारिश में भी शिवलिंग को कोई नुकसान नही हुआ। यहां वर्ष में 12 महीने शिवलिंग के ऊपर बूंद बूंद पानी टपकता रहता है, स्थानीयजनों के साथ मऊगंज, सीधी एवं रीवा जिले के लोगों की कुंड व मंदिर स्थल पर विशेष आस्था है।

# रुकवाया बाल विवाह, बच्ची का भविष्य हुआ सुरक्षित

## अक्षय तृतीया पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में जिले में बाल विवाह के खिलाफ सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी है। महिला एवं बाल विकास, पुलिस एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त प्रयासों से अक्षय तृतीया के अवसर पर एक बाल विवाह को समय रहते रुकवाया गया। अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी को बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही संस्था ने तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस को अवगत कराया। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाह रुकवाया और एक नाबालिग बालिका का भविष्य सुरक्षित किया। कार्रवाई के दौरान जिला समन्वयक सुरेंद्र चतुर्वेदी, आशीष शुक्ला एवं पर्यवेक्षक सुमन शर्मा ने परिजनों से संवाद कर उन्हें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह कराना दंडनीय अपराध है। समझाइश के बाद परिजन विवाह टालने के लिए सहमत हो गए। मौके पर पंचनामा तैयार कर परिजनों से लिखित आश्वासन लिया गया और बाल विवाह रूक गया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में बाल विवाह एवं बाल संरक्षण विषयक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को सख्त निर्देश दिए गए कि बाल विवाह की रोकथाम हेतु सभी स्तरों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में ग्राम से जिला स्तर तक बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय करने, प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह पंजी संधारित करने, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका मजबूत करने तथा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सामुदायिक स्तर पर जागरुकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज की सहभागिता से ही इस कुरीति को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। यह कार्रवाई प्रशासन और समाज के समन्वित प्रयास का सशक्त उदाहरण है, जो बाल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पूर्व सरपंच, सहायक लेखा अधिकारी एवं पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी से

# निर्माण कार्यों में अनियमितता पर शासकीय राशि वसूली के दिए आदेश

**त्योंथर ब्यूरो।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर के पत्र पर कार्यालय विहित एवं मुख्य कार्यपालिका जिला पंचायत रीवा के प्रकरण पर पारित आदेश 7 अप्रैल 2026 द्वारा जनपद पंचायत के पूर्व सरपंच दिलीप कुमार गुप्ता एवं जनपद पंचायत त्योंथर कार्यालय में पदस्थ किरण सिंह सहायक लेखा अधिकारी जनपद पंचायत और एम आर मेहरा पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर जिला मध्य प्रदेश के विरुद्ध निर्माण कार्यों में अनियमितता की जाने पर उपरोक्त तीनों व्यक्तियों से शासकीय धन की वसूली का आदेश पारित किया गया जिसमें दिलीप कुमार गुप्ता पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सरई एवं किरण सिंह सहायक लेखाधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर उपस्थित हुए किंतु उनके द्वारा अपने-अपने हिस्से की की जाने वाली वसूली राशि जमा नहीं की गई जबकि अनावेदक गणों को पर्याप्त अवसर दिया गया। उपरोक्त पारित आदेश के अनुसार राशि रुपए 379100 हजार रुपए में से दिलीप कुमार गुप्ता के ऊपर 189550 रुपए तहसीलदार तहसील त्योंथर जिला रीवा भू राजस्व के बकाया भांति वसूली करें। साथ ही दिलीप कुमार गुप्ता को मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की कंडिका पांच के तहत 6 वर्ष की कालावधि के लिए आगामी पंचायत निर्वाचन हेतु निर्हित घोषित किया गया है। किरण सिंह सहायक लेखा अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर के पंद्रह दिवस की मानदेय की राशि राजसात करते हुए अधिरोपित वसूली राशि रुपए चौरानवे हजार सात सौ पांचवे रुपए की वसूली इनके मानदेय से दस समान किस्तों में उत्तर का 15 दिवस के मानदेय समानुपातिक रूप से कटौती कर वसूली राशि जिला पंचायत में जमा करने की कार्यवाही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्यौंथर सुनिश्चित करने को कहा गया है। एम आर मेहता तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर वर्तमान में सेवानिवृत हो चुके हैं। अतः उपरोक्त कार्यो में वित्तीय अनियमितता किए जाने के कारण राशि रुपए 94795 रुपए की राशि इनके पेंशन से प्रतिमाह समानुपातिक रूप से कटौती एक वर्ष तक के लिए किया गया है तथा भविष्य के लिए चेतावनी दी गयी है कि ऐसी पुनरावृत्ति न की जाए। कटौती राशि कर वसूली राशि जिला पंचायत में जमा कराए जाने की कार्यवाही मुख्य कार्यपाली अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

# अडानी फाउंडेशन ने की कुर्सियों एवं आरओ वाटर कूलर की चैरिटी




**आंचलिक डेस्क।** रीवा एवं मऊगंज जिलों में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत अडानी फाउंडेशन द्वारा जनहित में एक सराहनीय पहल करते हुए स्वास्थ्य एवं शिक्षा संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया है। क्षेत्रीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए रीवा जिले के उप स्वास्थ्य केंद्र ब्योहरा में 4 सेट (प्रत्येक में 3 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था) तथा देवगांव में 3 सेट विजिटिंग चेयर प्रदान की गईं, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसी क्रम में मऊगंज जिले के रतनगवां उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की दीर्घकालीन आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आरओ सिस्टम सहित वाटर कूलर स्थापित किया गया। इसके अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र बरहटा में 3 सेट विजिटिंग चेयर उपलब्ध कराई गईं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार होने की उम्मीद है। इस अवसर पर मनीष त्रिपाठी ने कहा कि अडानी फाउंडेशन समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि समूह का उद्देश्य केवल बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में स्थायी एवं सकारात्मक सुधार लाना भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास के क्षेत्रों में इस प्रकार की जनकल्याणकारी पहल निरंतर जारी रहेंगी। उपस्थित अतिथियों एवं स्थानीय नागरिकों ने अडानी समूह की इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका कहना था कि ऐसे प्रयासों से ग्रामीण अंचलों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुदृढ़ होगी तथा आमजन को सीधा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम में अडानी एनर्जी सलूशन लिमिटेड के स्टेट हेड श्री श्याम सुंदर गुप्ता एवं ट्रांसमिशन लाइन मैनेजर मनीष त्रिपाठी, बीएमओ मऊगंज डॉ. प्रदुम शुक्ला, रतंगवा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, सीएचओ प्रिया शुक्ला, सीएचओ राखी सिंह, बरहटा सरपंच पप्पू सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# दुकानदार सड़क पर सजा रहे दुकान, ऑटो चालकों ने बीच रोड में बना रखा है स्टैंड

## सेमरिया में रोजाना निर्मित हो रही भीषण जाम की समस्या



**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया नगर में आमजनों का ट्रैफिक में रोजाना फसना आम बात हो गई है। इन दिनो शादी ब्याह का समय चल रहा है, भीड़ का समय है और नगर मे बस स्टैड के सामने ऑटो का जमावड़ा होने के कारण जाम की स्थित उत्पन होती है। सेमरिया नगर की जाम की समस्या को दैनिक जागरण अखबार प्रमुखता से उठाता रहा है लेकिन प्रशासन द्वारा आज तक किसी प्रकार की कार्यवाही न होने से जाम लागाने वालों के हौसले बुलंद हैं, जैसे बस स्टैड के सामने ऑटो चालकों की मनमानी, बकिया तिराहा में प्रतिमा के पास वाहनों का जमावडा, रीवा रोड से सतना तिराहा और मेन बाजार मे सतोषी माता मदिर, सरास्वती गली के पास, जागौता माता मदिर से आगे बिरसिहंपुर मोड के पास इन सभी जगह जाम की सबसे बड़ी समस्या रोजाना हो रही है। जाम का मुख्य कारण है बडे वाहन का बेरोकटोक आना जाना और दुकानों का रोड मे संचालन करना जिससे जाम की स्थित निर्मित होती है। लोगों ने संवाददाता को शिकायती अंदाज में कहा कि पुलिस विभाग की सक्रियता से समाधान सभंव है। बुधवार को एक घटना होते हुई बची, बाहरी स्टेट का कार चालक नशे में भारी अनियंत्रित रफ्तार से मेन बाजार निकालता है। कुछ व्यापारियों को अपना निशाना बनाया लेकिन सूझबूझ से घटना होने बच गई लोगों की मांग है कि प्रशासन सेमरिया नगर की इस समस्या को गभीरता से ध्यान दे जिससे कोई घटना न होने पाए।

# नरेन्द्र कुमार दुबे का देहावसान



**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर के वार्ड नं 8, सगरा कला के निवासी राजकिशोर मिश्रा एवं डॉ नवल किशोर मिश्रा के छोटे दामाद तथा राजेश मिश्रा व वीरेन्द्र मिश्रा के छोटे जीजा नरेन्द्र कुमार दूबे जो नईगढ़ी ब्लॉक के ग्राम पहिलापर जिला मऊगंज के निवासी थे, उनका हृदयघात होने के कारण 22 अप्रैल को निधन हो गया है, नरेन्द्र दुबे अपने पीछे दो बेटी तथा एक पुत्र को छोड़ गए हैं। निधन की ख़बर प्राप्त होते ही समस्त नगर में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। घर पहुँच कर पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना, सोमेश्वर मिश्रा, अंजनी कुमार मिश्रा, नितिन किशोर, निखिल किशोर, आनंद मिश्रा, शेष मिश्रा, रामकृष्ण मिश्रा प्राचार्य, सत्यप्रकाश गुप्ता, शिवलाल साकेत, नीलेश केशरी बच्चा, सुरेंद्र मिश्रा, साजन मिश्रा, पुष्पेन्द्र सिंह गहरवार, विनोद सिंह, सरपंच दीपक मिश्रा, रविशंकर मिश्रा आदि ने शोक व्यक्त किया।

# मऊगंज जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 8522 क्विंटल हुई गेहूं

**मऊगंज जागरण।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 366 किसानों से 8522 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गेहूं उपार्जन के लिए अब तक 2016 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जन के लिए निर्धारित 26 खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिले में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 8111 है।


# जनपद पंचायत जवा में मनरेगा कर्मचारियों एवं श्रमिकों का 4 माह से नहीं हुआ मजदूरी भुगतान

## मजदूरों के सामने खड़ा हुआ आजीविका संकट

**जवा ब्यूरो।** जनपद पंचायत जवा में मनरेगा योजना के तहत किये गये श्रमिकों के कार्यों का मजदूरी भुगतान तक नहीं हो पा रहा है। संवाददाता को श्रमिकों ने बताया कि भुगतान नहीं होने के चलते आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि भारत सरकार एवं मध्यम प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण मनरेगा योजना जो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका का एक महत्वपूर्ण आधार है, वर्तमान समय में भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गंभीर संकट का सामना कर रही है। विशेष रूप से ग्राम रोजगार सहायकों को विगत चार माह से वेतन प्राप्त नहीं हो पाया है, जिससे उनके समक्ष आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो गई हैं।

संवाददाता को रोजगार सहायकों ने बताया कि स्पर्श पोर्टल के माध्यम से भुगतान प्रणाली में बदलाव के कारण तकनीकी एवं प्रशासनिक अड़चनों के चलते भुगतान लंबित है। इस विलंब का सीधा असर कर्मचारियों के दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई कर्मचारियों को अपने बच्चों की स्कूल फीस जमा करने में कठिनाई हो रही है, नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं तथा रोजमर्रा के आवश्यक खर्चों को पूरा करना भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। केवल कर्मचारी ही नहीं, बल्कि मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों को भी समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते कई परिवारों के सामने भुखमरी जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। यह स्थिति योजना के मूल उद्देश्य के विपरीत है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। श्रमिकों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस गंभीर विषय को प्राथमिकता से संज्ञान में लेते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। शासन-प्रशासन से आग्रह है कि स्पर्श पोर्टल में आ रही समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर लंबित वेतन एवं मजदूरी का तत्काल भुगतान कराया जाए, ताकि प्रभावित कर्मचारियों एवं श्रमिकों को राहत मिल सके। यह आवश्यक है कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना की विश्वसनीयता एवं प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनाया जाए।

# पांचवें दिन भी गोविन्दगढ़ के जंगलों में लगी आग पर नहीं पाया जा सका काबू



**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** गोविन्दगढ़ क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग अब लगातार पांचवें दिन भी धधक रही है। आग ने विकराल रूप ले लिया है, लेकिन अब तक इसे पूरी तरह बुझाने में वन विभाग नाकाम साबित हो रहा है। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिशें की जा रही हैं, परंतु हालात अब भी नियंत्रण में नहीं हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर पौधरोपण किया जाता है, लेकिन गर्मी के मौसम में यही जंगल आग की चपेट में आकर राख हो जाते हैं। इस स्थिति ने वन विभाग की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि आग सूखी घास, तेज गर्मी और लापरवाही के कारण तेजी से फैलती है। कई बार मानव गतिविधियां जैसे जंगल में जलती बीड़ी-सिगरेट फेंकना या जानबूझकर आग लगाना भी इसकी बड़ी वजह बनती हैं। बावजूद इसके, समय रहते निगरानी और ठोस कार्रवाई नहीं होने से हालात बिगड़ते जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग को पहले से ही गर्मी के मौसम में सतर्क रहना चाहिए, लेकिन अक्सर आग लगने के बाद ही सक्रियता दिखाई जाती है। वहीं, शासन के निर्देशों के बावजूद प्रभावी प्रबंधन और संसाधनों की कमी साफ नजर आ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंगलों में फायर लाइन बनाना, समय-समय पर गश्त बढ़ाना और स्थानीय लोगों को जागरूक करना जरूरी है, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल, आग से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है और वन्यजीवों पर भी खतरा मंडरा रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है, ताकि हर साल दोहराई जाने वाली इस स्थिति पर स्थायी समाधान निकल सके।

# दंबग जीआरएस के भ्रष्टाचार से ग्रामीण परेशान

**त्योंथर ब्यूरो।** जनपद पंचायत त्योंथर अंतर्गत ग्राम पंचायत कैथा में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि रोजगार सहायक शत्रुघ्न पांडेय अर्से से पंचायत सचिव पद पर पदस्थ रहते हुए ग्राम पंचायत अंतर्गत कराए गए सभी निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों को दरकिनार करते हुए घटिया सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन निर्माण कराया है जिसमें संबंधित उपयंत्री की भी मिली भगत है। लोगों ने आगे कहा कि जीआरएस की दंबगई की वजह से ग्राम पंचायत वासियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया है कि यदि सभी निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तो मौके पर स्थल परीक्षण में निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग किया जाना पाया जाएगा।

# आगजनी से प्रभावितों का त्योंथर विधायक ने बंधाया ढाढ़स

## शीघ्र क्षतिपूर्ति के दिए निर्देश



**कटरा नि.प्र.।** त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना के बाद क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज सक्रिय रूप से प्रभावित किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने आगजनी से नष्ट हुई फसलों का जायजा लिया और किसानों से संवाद कर उनकी पीड़ा सुनी। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री तिवारी ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे तत्काल फसलों के नुकसान का पारदर्शी सर्वे करें। उन्होंने कहा कि अन्नदाता की मेहनत को राख होते देखना अत्यंत पीड़ादायक है। प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि सर्वे में किसी भी किसान का नाम न छूटे और उन्हें समय पर न्यायोचित मुआवजा मिले। विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार हर कठिन परिस्थिति में अन्नदाताओं के साथ खड़ी है और हर प्रभावित किसान को उचित सहायता दिलाना हमारी प्राथमिकता है। भ्रमण के दौरान उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि मुआवजे की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर देरी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से स्थिति की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र राहत राशि उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद् डॉ. रघुराज सिंह पुनः कार्य परिषद सदस्य मनोनीत



**त्योंथर ब्यूरो।** विकास खंड त्योंथर अंतर्गत खटिया (सोहागी) कॉलेज के डायरेक्टर हंडिया पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ रघुराज सिंह को प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया यूनिवर्सिटी के कार्य परिषद का सदस्य पुनः दो वर्षों के लिए मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा 17 अप्रैल 2026 को किया गया। डॉ. रघुराज सिंह शिक्षा के क्षेत्र में अपने दीर्घकालीन अनुभव, प्रशासनिक दक्षता तथा शैक्षणिक विकास के प्रति समर्पण के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं। उनके पुनः मनोनयन से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों, प्रशासनिक निर्णयों एवं संस्थागत विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। उनके इस मनोनयन पर शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है। विश्वविद्यालय की कार्य परिषद में उनकी सक्रिय भूमिका पूर्व में भी उल्लेखनीय रही है, जिसके आधार पर उन्हें पुनः यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। डॉ. रघुराज सिंह ने इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय की उन्नति, गुणवत्ता सुधार एवं छात्रहित में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते रहेंगे।

# हनुमना तहसीलदार शिवम गौतम को हनुमना जपं सीईओ का मिला अतिरिक्त प्रभार

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले के अंतर्गत जहां कलेक्टर संजय जैन के द्वारा बड़ा फेरबदल किया गया है जनपद पंचायत हनुमना के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार तहसीलदार हनुमना शिवम गौतम को दिया गया है । आपको बता दें इसके पूर्व सुरभि श्रीवास्तव के सीईओ पद में थी। जहां उनका स्थानांतरण होने के बाद शिवम गौतम को अतिरिक्त जिम्मेदारी प्रशासनिक एवं वित्तीय विभाग दी गई है। वहीं आदेश जारी होने के बाद जनपद पंचायत कार्यालय में पहुंचकर पदभार संभाला एवं जनपद के संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर एक दूसरे का परिचय प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं शासन के कार्य को भी सुचारू रूप से चलाने के लिए निर्देश दिए हैं। वहीं संवाददाता से चर्चा के दौरान उनके द्वारा बताया गया है कि शासन के योजनाओं को सुचारू से क्रियान्वयन किया जायेगा। वही अंकिता सोहगौरा जनपद पंचायत हनुमना कार्यालय में पहुंचकर एसडीओ का प्रभार संभाला। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत हनुमना में इसके पूर्व कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरपी मिश्रा के स्थान में अंकिता सोहगौरा को जिम्मेदारी दी गई है, जहां आदेश जारी होने के बाद कार्यालय पहुंचकर पदभार संभाली।

## कोहली-पडिक्कल के अर्धशतक, सुदर्शन के शतक पर भारी, आरसीबी ने गुजरात को पांच विकेट से हराया

# बेंगलुरु में आरसीबी की 50वीं जीत

जेएनएन, बेंगलुरु

देवदत्त पडिक्कल (55) और विराट कोहली (81) ने बेहतरीन पारियां खेलीं, जो साई सुदर्शन (100) के शतक पर भारी पड़ गईं, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शुक्रवार को आईपीएल के 34वें मैच में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हरा दिया। पडिक्कल और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी से आरसीबी लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई। टीम ने अंत में 18.5 ओवर में 206 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया और 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस तरह आरसीबी ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। आरसीबी की बेंगलुरु में यह 50वीं जीत है। इसके अलावा यह उसका दूसरा बड़ा सफल चेज है। इससे पहले उसने 2025 में लखनऊ के खिलाफ 228 रन का स्कोर चेज किया था। कोहली ने जब खाता भी नहीं खोला था तब मोहम्मद सिराज की गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने उनका कैच छोड़ दिया था। कोहली ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दबदबा बनाया और 30 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर पडिक्कल ने अपने सीनियर खिलाड़ी (कोहली) से 10 गेंदें कम खेलकर अर्धशतक पूरा किया। देवदत्त को राशिद खान ने एक बेहतरीन गेंद पर आउट किया तो कोहली को जेसन होल्डर की एक उछाल भरी गेंद ने बोल्ड किया। इससे टीम थोड़ी मुश्किल में पड़ गई, क्योंकि उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के विकेट भी गंवा दिए, जिससे उनका स्कोर 173 रन पर पांच विकेट हो गया। लेकिन क्रुणाल पंड्या (नाबाद 23 रन) और टिम डेविड (नाबाद 10 रन) ने वहां से टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले सुदर्शन ने 100 रन की शानदार पारी खेली, जिसकी बदौलत गुजरात ने तीन विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। गुजरात की पारी के 12.4 ओवर टी-20 बल्लेबाजी के बिल्कुल उलट थे, जिसमें पूर्व चैंपियन टीम ने यह साबित कर दिया कि इस प्रारूप में बिना आक्रामकता के भी रन बनाए जा सकते हैं। सुदर्शन ने आईपीएल में अपने तीसरे शतक के लिए 58 गेंद की पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। सुदर्शन क्रिस गेल (2011-13) के बाद लगातार तीन आईपीएल में शतक लगाने वाले मात्र दूसरे बल्लेबाज भी बने।

**411**

रन आरसीबी और गुजरात के बीच इस मैच में बने, जो दोनों के बीच खेले गए किसी भी मैच का सबसे ज्यादा स्कोर है।

**आईपीएल में तेज 2000 रन बनाने वाले खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | पारी |
|---|---|
| साई सुदर्शन | 47 |
| क्रिस गेल | 48 |
| शॉन मार्श | 52 |
| गायकवाड़ | 57 |

### स्कोर बोर्ड

**गुजरात टाइटंस: 205/3 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का. एंड बो. हेजलवुड | 100 | 58 | 11 | 5 |
| गिल का. पडिक्कल बो.सुयश | 32 | 24 | 2 | 1 |
| बटलर का. पडिक्कल बो. भुवनेश्वर | 25 | 16 | 2 | 1 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 19 | 12 | 1 | 1 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 23 | 10 | 1 | 2 |

**अतिरिक्त:** 6, **कुल:** 20 ओवर में 3 विकेट पर 205 रन, **विकेट पतन:** 1-128, 2-160, 3-177, **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर 4-0-31-1, जोश हेजलवुड 4-0-40-1, रसिख सलाम 3-0-28-0, क्रुणाल पंड्या 4-0-50-0, रेमारियो शेफर्ड 1-0-17-0, सुयश शर्मा 4-0-36-1.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: 206/5 (18.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेथेल का. शाहरुख बो. सिराज | 14 | 10 | 3 | 0 |
| विराट कोहली बो. होल्डर | 81 | 44 | 8 | 4 |
| पडिक्कल बो. राशिद | 55 | 27 | 2 | 6 |
| पाटीदार का. सुंदर बो. सुथार | 8 | 5 | 0 | 1 |
| जितेश का. सुथार बो. राशिद | 10 | 6 | 1 | 1 |
| टिम डेविड नाबाद | 10 | 9 | 0 | 1 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 23 | 12 | 3 | 1 |

**अतिरिक्त:** 5, **कुल:** 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 206 रन, **विकेट पतन:** 1-26, 2-141, 3-154, 4-171, 5-173, **गेंदबाजी:** सिराज 3-0-25-1, कगिसो रबाडा 4-0-45-0, जेसन होल्डर 3.5-0-35-1, प्रसिद्ध कृष्णा 2-0-31-0, राशिद खान 4-0-49-2, मानव सुथार 2-0-19-1,



**प्लेयर ऑफ द मैच**
**विराट कोहली**


| रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|
| 81 | 44 | 08 | 04 |

**300+ छक्के लगाने वाले खिलाड़ी**

| | |
|---|---|
| क्रिस गेल | 357 |
| रोहित शर्मा | 310 |
| विराट कोहली | 303 |

■ विराट कोहली ने आईपीएल में 804 चौके लगाए हैं, जो सर्वाधिक है।

## घर में दिल्ली कैपिटल्स के सामने अजेय पंजाब किंग्स की चुनौती



नई दिल्ली, जेएनएन। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को डबल हेडर के पहले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में हैदराबाद से 47 रन से हार का सामना करने वाली दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था, जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। पंजाब की टीम इस समय पूरी लय में नजर आ रही है। उन्होंने हाल ही में लखनऊ के खिलाफ इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर, सात विकेट पर 254 रन, बनाया। इस सीजन में दोनों टीमों की शुरुआत एक-दूसरे से बिल्कुल उलट रही है। पंजाब पावरप्ले में सबसे आक्रामक खेलने वाली टीमों में से एक है, जिसका रन रेट 11.3 का है, जो इस सीजन संयुक्त रूप से सर्वाधिक है।

**हेड टू हेड**


| | |
|---|---|
| कुल मैच | 34 |
| दिल्ली जीता | 17 |
| पंजाब जीता | 17 |

## सनराइजर्स से पिछली हार का बदला लेने उतरेगी राजस्थान, पेट कमिंस की वापसी



जयपुर, जेएनएन। राजस्थान रॉयल्स शनिवार शाम को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी। इस सीजन पहली बार राजस्थान की टीम जयपुर में खेलती हुई नजर आएगी। इससे पहले वो अपने होम ग्राउंड के मुकाबले गुवाहाटी में खेल रहे थे। यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है। टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है। इस मुकाबले के साथ ही हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस की भी वापसी होने वाली है।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| विराट (बेंगलुरु) | 328 |
| अभिषेक (हैदराबाद) | 323 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 320 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 14 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 13 |
| इशान मलिंगा (हैदराबाद) | 12 |



### बाउंड्री मीटर

591 छक्के
1052 चौके
66 अर्धशतक



देवदत्त पडिक्कल के आईपीएल में दो हजार रन पूरे हो गए हैं। पडिक्कल ने मैच में 27 गेंद पर 55 रन बनाए।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 | 1.420 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 | 1.101 |
| राजस्थान | 7 | 5 | 2 | 10 | 0.790 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 | 0.820 |
| चेन्नई | 7 | 3 | 4 | 6 | 0.118 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.130 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.790 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 | 0.736 |
| लखनऊ | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.277 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 | -0.879 |

### मैदान से हटकर

## सचिन ने घर पर प्रशंसकों के साथ मनाया 53वां जन्मदिन



भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार को 53वां जन्मदिन अपने घर पर परिवार और विभिन्न आयु वर्ग के प्रशंसकों की मौजूदगी में मनाया। इस मौके पर उनकी पत्नी अंजलि भी उनके साथ मौजूद रहीं। 'मास्टर ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर ने अपने आवास पर पहुंचे प्रशंसकों की तालियों और उत्साह के बीच केक काटा। उन्होंने इस दौरान अपनी तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनी एक छोटी बच्ची को देखकर उसे गोद में भी उठा लिया। तेंदुलकर ने इससे पहले दिन की शुरुआत में सोशल मीडिया पर अपनी मां, पत्नी अंजलि और अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा, मेरी सुबह की परफेक्ट शुरुआत आई (मां), अंजलि और इस शरारती के साथ हुई। इससे बेहतर क्या हो सकता है। (जेएनएन)

## सबालेंका ने स्टर्न्स को हराया, स्वितोलिना बाहर



मैड्रिड, जेएनएन। शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका ने मैड्रिड ओपन में अमेरिका की पेटन स्टर्न्स को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका को शुरुआती सेट में बढ़त बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आखिरकार वह 6-5 से आगे हो गईं और अगले गेम में सेट अपने नाम कर लिया। वहीं दूसरा सेट उनके लिए काफी आसान रहा। चौथी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को यूक्रेन की डारिया स्निगुर के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले में कोई परेशानी नहीं हुई और उन्होंने 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। स्विट्जरलैंड की 11वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक ने भी पेट्रा मार्सिंको को 6-4, 6-2 से आसानी से हरा दिया। हालांकि, एक बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब 7वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना हंगरी की अन्ना बोंडार से 6-3, 6-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। आठवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को लॉरा सीगमंड के खिलाफ शुरुआती सेट हारने के बाद वापसी करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, उन्होंने जोरदार संघर्ष करते हुए एक कड़े मुकाबले में 3-6, 6-2, 6-4 से जीत हासिल की।

## थॉमस कप फाइनल में भारतीय पुरुषों ने कनाडा को हराया, उबेर कप में महिलाओं ने किया निराश

होर्सेंस (डेनमार्क), जेएनएन। लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की, जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने शुक्रवार को थॉमस कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप-ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की। हालांकि महिला वर्ग में भारत को निराशा हाथ लगी। उबेर कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप-ए मुकाबले में भारत मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गया। सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हाल में हुई एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता 20



वर्षीय आयुष ने फिर दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी ब्रायन यांग को 39 मिनट में 21-13, 21-17 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरी युगल जोड़ी हरिहरन और एमआर अर्जुन ने टाइ अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नाइल याकुरा पर 21-7, 21-15 की शानदार जीत के साथ भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। किदांबी श्रीकांत ने पांचवें और औपचारिकता मात्र रह गए मैच में दुनिया के 77वें नंबर के खिलाड़ी जोशुआ गुयेन को 21-17, 21-12 से मात दी। इस तरह भारत ने मैच 4-1 से अपने नाम किया और चीन के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

### सिंधू ने क्रिस्टोफर्सन को हराया

उबेर कप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने डेनमार्क की विश्व नंबर 21 लाइन क्रिस्टोफर्सन को 21-13, 18-21, 21-17 से कड़े मुकाबले में हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को विश्व नंबर 26 लाइन होजमार्क क्येर्सफेल्ट के खिलाफ 12-21, 23-25 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी शर्मा को पहला गेम जीतने के बाद भी अमाली शुल्ज के हाथों 54 मिनट चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे भारत 1-2 से पिछड़ गया। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबाम की महिला युगल जोड़ी ने दो मैच प्वाइंट गंवा दिए और एक घंटे 15 मिनट तक चले संघर्ष के बाद निर्णायक मुकाबला अमाली सेसिले कुदस्क और मेटे वर्जे से 17-21, 21-11, 21-23 से हार गईं।

## भारत ने 2038 एशियाड की मेजबानी के शुरू किए प्रयास

### ओसीए को सौंपा एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट

नई दिल्ली, जेएनएन। भारत ने आधिकारिक रूप से 2038 एशियाई खेलों की मेजबानी के लिए अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) प्रस्तुत कर दी है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने हाल में 2038 खेलों की मेजबानी के लिए अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) को सौंपी है। इस महाद्वीपीय ओलंपिक संस्था ने 21 अप्रैल को चीन के सान्या शहर में हुई अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में भारत की इच्छा पर चर्चा की। सान्या में ही 22 अप्रैल से 'एशियाई बीच गेम्स' शुरू हुए थे। आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रघुराम अय्यर ने बताया कि हां, हमने इच्छा की अभिव्यक्ति जमा कर दी है और ओसीए ने अपनी कार्यकारी बोर्ड की बैठक में इस पर चर्चा भी की है। भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी अहमदाबाद में करेगा जो देश की 2036 ओलंपिक बोली के लिए भी प्रस्तावित शहर है। अगर देश एशियाड की बोली जीत जाता है तो गुजरात का यह शहर 2038 एशियाई खेलों की मेजबानी के लिए एक बार फिर एक मजबूत दावेदार बन सकता है।

**भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा मैच आज रात 9:30 बजे से**

## टी-20 सीरीज हार के बाद आत्मसम्मान की लड़ाई में उतरेगी भारतीय महिला टीम

जोहानिसबर्ग, जेएनएन। पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज गंवाने के बावजूद भारतीय महिला टीम के पास शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे मुकाबले में बहुत कुछ दांव पर होगा, जिसमें अपनी प्रतिष्ठा बचाना, लय वापस पाना और इस प्रारूप के आगामी विश्व कप के लिए रणनीति तय करना शामिल है। मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने पहले ही पांच मैचों की इस सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है और टीम का लक्ष्य इस अभियान को जारी रखते हुए सूपड़ा साफ करना है। महिला क्रिकेट की मौजूदा दौर की कई स्टार खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम लगातार



निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर सीरीज में वापसी करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाएगी। इस साल जून में इंग्लैंड में होने वाले टी-20 विश्व कप को देखते हुए, भारतीय टीम के पास प्रेरणा की कोई कमी नहीं होगी, क्योंकि वह बड़े टूर्नामेंट से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी। पिछले साल अपना पहला आईसीसी खिताब (वनडे विश्व कप) जीतने वाली भारतीय टीम के खेल के छोटे प्रारूप में लगातार तीन हार के बाद कई कमजोरियां उजागर हुई हैं। टीम के बल्लेबाज एकजुट प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं, जबकि गेंदबाजों का प्रदर्शन भी असरहीन रहा है। दोनों टीमों की गेंदबाजी का अंतर इसी से समझा जा सकता है कि दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों में भारतीय टीम के 21 विकेट लिए हैं, वहीं भारत केवल सात विकेट ही निकाल सका है।

## शांभवी-दिव्यांशु ने रिकॉर्ड स्कोर के साथ जीता स्वर्ण

काहिरा, जेएनएन। निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर और दिव्यांशु देवांगन ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में 499.9 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारत ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में चौथा स्वर्ण पदक पदक हासिल किया। इस जोड़ी ने क्वालिफिकेशन दौर में कुल 632.0 अंक से शीर्ष स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। चीनी ताइपे के त्साई चिएह-यिंग और चेन यू-एन ने 498.3 अंक से रजत पदक, जबकि फ्रांस की जोड़ी टिफेन पोमेस और गैस्पर्ड लेसीउर ने 434.4 से कांस्य पदक जीता। भारत के काहिरा जूनियर विश्व कप में अब कुल 12 पदक हो गए हैं। पदक तालिका में भारत चार स्वर्ण पदक, पांच रजत और तीन कांस्य पदक से सबसे आगे है।

## मुंबई की हार पर बोले कोच- थकान का असर नहीं, लय हासिल नहीं कर पाना बड़ी कमी

मुंबई, जेएनएन। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के टी-20 विश्व कप में खेलने के कारण लेकर थकान की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि टीम लय और आत्मविश्वास हासिल करने पर ध्यान दे रही है। मुंबई की टीम में सूर्यकुमार और हार्दिक के अलावा जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा पिछले महीने टी-20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि मिचेल सैंटनर ने इस विश्व कप में न्यूजीलैंड की अगुआई



की थी और अनुभवी क्विंटन डिकॉक दक्षिण अफ्रीका टीम के अहम सदस्य थे। मुंबई को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 103 रन की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है। जयवर्धने ने कहा कि मौजूदा दौर में सभी खिलाड़ी पेशेवर हैं। विश्व कप खेलने वाले कई खिलाड़ी ब्रेक के बाद आईपीएल में लौटे हैं। मुझे नहीं लगता कि खिलाड़ी खुद भी थकान को कारण मानेंगे। हमें लय और निरंतरता हासिल करनी है। यही हमारी सबसे बड़ी कमी रही है। गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, लेकिन बल्लेबाजी भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। हमें वह संतुलन ढूंढना होगा, जहां हम मुकाबला कर सकें।

## एबीसीए को सात विकेट से हराकर रेलवे सेमीफाइनल में

भोपाल, खेप्र। प्लेयर ऑफ द मैच आदित्य मौर्य की शानदार गेंदबाजी की बदौलत रेलवे यूथ ने एबीसीए को सात विकेट से हराकर प्रथम शहीद भगत सिंह अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एबीसीए की टीम निर्धारित ओवर में 97 रन पर सिमट गई। टीम के अविनाश ने सर्वाधिक 35 और जीवेश ने 16 रन बनाए। रेलवे यूथ के आदित्य मौर्य ने छह विकेट झटके। अमन यादव को 2 सफलता मिली। जवाब में रेलवे यूथ ने तीन विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। युवराज ने नाबाद 42 और अंकित ने 22 रन की पारी खेली। एबीसीए के मयंक ने 2 और दिव्यांश ने 1 विकेट लिया।

## आईपीएल के बाद पीएसएल में भी नहीं खेल पाएंगे मुस्तफिजुर रहमान

चटगांव, जेएनएन। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में खेलने के लिए जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) वापस ले लिया है। यह फैसला न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद उनकी चिकित्सकीय समीक्षा के आधार पर लिया गया। बीसीबी के अनुसार न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के समापन के बाद टीम के चिकित्सा स्टाफ ने राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाज



मुस्तफिजुर रहमान की स्थिति की समीक्षा की है। आगे की जांच के लिए उनका तत्काल स्कैन कराया जाएगा, जिसके बाद वे बीसीबी मेडिकल टीम की देखरेख में पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करेंगे। इसलिए वे पीएसएल 2026 के शेष मुकाबलों में भाग नहीं ले पाएंगे। मुस्तफिजुर को बीसीसीआई के निर्देश के बाद केकेआर ने आईपीएल 2026 के दौरान अपनी टीम से रिलीज कर दिया था। इसके बाद वे लाहौर कलंदर्स के लिए खेल रहे थे और इस सत्र में पांच मैचों में छह विकेट ले चुके थे।

## संभागीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 27 को

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 27 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गयी है। बैठक में रीवा एवं मऊगंज जिलों द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। बैठक में संभाग के सभी संबंधित अधिकारी शामिल होंगे।

## कमिश्नर 27 अप्रैल को करेंगे स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 27 अप्रैल को सतना एवं सीधी जिले में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय में दोपहर 12.30 बजे आरंभ होगी। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य तथा दोनों जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# सूने आवास पर चोरी करते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए नकाबपोश बदमाश

### बच्चे का इलाज कराने गए थे दंपति, विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र आनंद नगर बोदाबाग की घटना

### पेटी और आलमारी से लाखों का आभूषण चुरा ले गए बदमाश



**जागरण, रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के आनंद नगर बोदाबाग में अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने सूने आवास में चोरी की घटनाओं का अंजाम दिया। चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आलमारी और पेटी का लॉक तोड़कर बदमाशों ने दस से पंद्रह लाख कीमत के सोने चांदी के आभूषण पार कर दिए। मिली जानकारी के अनुसार निजी स्कूल के संचालक अमित सिंह अपने बेटे की दवाई कराने के लिए रीवा शहर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान 24 अप्रैल को रात करीब डेढ़ बजे नकाबपोश बदमाशों ने पहले इलाके की रेकी की और फिर रात लगभग 2 बजकर 9 मिनट में घर के अंदर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह जब मोहल्ले के लोगों ने घर के मुख्य गेट का टूटा हुआ ताला देखा, तो उन्होंने तुरंत घर मालिक को सूचना दी। सूचना मिलते ही अमित सिंह के होश उड़ गए और उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। प्रारंभिक फुटेज में दो नकाबपोश बदमाश संदिग्ध रूप से घर के आसपास घूमते और फिर अंदर जाते हुए नजर आ रहे हैं। चोरी गए सामान की सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है, लेकिन सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी होने की बात सामने आ रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरी की कुल कीमत कई लाख में भी सकती है। विश्वविद्यालय पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण कर अब पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नए बस स्टैण्ड में बहन को बस बैठाने गई महिला के पर्स से लाखों के आभूषण चोरी

### पीड़िता ने समान थाना में की शिकायत, आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस

**जागरण, रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत नए बस स्टैण्ड के पास अपनी बहन को हनुमना मऊगंज जाने वाली बस में बैठाने आई महिला के पर्स से लाखों के आभूषण पार हो गए। घटना की शिकायत पीड़िता प्रियंका सिंह पति रमेश सिंह निवासी दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ ने समान थाना पुलिस से की है। पीड़िता ने बताया कि वह कार से छत्तीसगढ़ से शुक्रवार को रीवा आई जहां अपनी बहन को हनुमना मऊगंज जाने वाली बस में बैठाने के लिए कार से उतरी और उसे बस में बैठाई, जब वह अपना पर्स देखी तो चेन खुली हुई थी और उसमे रखे हुए 8 से 10 लाख रुपए के सोने के आभूषण गायब थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि शहर में इन दिनों कुछ महिलाओं का गैंग इस तरह की वारदात को अंजाम दे रहा है, पूर्व में शहर के व्यस्ततम क्षेत्र फोर्ट रोड और प्रकाश चौराहा में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पीड़िता के मुताबिक अज्ञात चोर ने उनके पर्स से सोने की दो नग चेन, मंगलसूत्र व महाराष्ट्रीय लॉकेट पार कर दिया है। पीड़िता ने अज्ञात चोरों पर कार्रवाई के लिए समान थाना में घटना की शिकायत दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।

# सगरा में फंसी में झूलती मिली युवती के शव की नहीं हो सकी पहचान

**जागरण, रीवा।** सगरा थाना क्षेत्र के लौआ में गुरवार को एक लड़की का शव संदिग्ध अवस्था में बरगद के पेड़ में फांसी के फंदे से लटकता मिला था। फिलहाल लड़की कहा की है इसका पता नहीं लग सका है, परिजनों की तलाश में पुलिस लगी हुई है। आसपास के लोगों ने सूचना सगरा पुलिस को दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपनी कस्टडी में लेकर अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया। 48 घण्टे बाद मृतका का पीएम करवाया जाएगा। मृतका बदन में काली टी शर्ट व नीचे नीला सफेद धारीदार पायजामा पहले हुए है। उसकी उम्र करीब 17 से 18 वर्ष के बीच होने की संभावना है। फिलहाल लड़की की हत्या की गई या फिर उसने आत्महत्या की, इसका पता नहीं लग सका है। मृतका के पीएम के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। सगरा पुलिस मृतका की शिनाख्तगी का प्रयास कर रही है।




# गुहिया गांव में आग का तांडव समय नहीं पहुंचा दमकल वाहन

### नरवाई में भड़की आग ने कई पेड़ पौधों को लिया चपेट में



**जागरण, रीवा।** गर्मी का दौर शुरू होते ही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आगजनी की घटनाए आए दिन सामने आ रही है। खेत सहित ग्रामीण इलाकों में आगजनी परेशानी का कारण बनी हुई है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद लगाई जा रही आग भी मुसीबत खड़ी कर रही है। रोजाना हो रही घटनाओं के बावजूद ग्रामीण इलाकों में समय से मदद न मिलने पर किसान खून के आंसू रोने को मजबूर हो रहे है। शुक्रवार की सुबह किसानों के खेत और खलिहान में भड़की आग ने किसानों की मेहनत को चंद घंटों में राख में तब्दील कर दिया। घटना ग्राम गुहिया की बताई जा रही है। गेंहू के खते में लगी आग देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर ली साथ ही कई पेड़ पौधे भी इसके चलते नष्ट हो गए। बताया गया कि गांव में स्थित खेत और खलिहान में रखी कई एकड़ की कटी हुई फसल आगजनी से जलकर पूरी तरह से राख हो गई। हालांकि घटना के दौरान ग्रामीणों ने मदद के लिये फायर ब्रिगेड, पुलिस और विद्युत विभाग को सूचना दी, लेकिन किसी नें भी मौके पर पहुंचना मुनासिब नही समझा और 4 घंटे तक आग का ताण्डव चलता रहा। पीड़ित किसान और ग्रामीणों नें मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन वह किसानों की फसल को राख होने से नहीं बचा सके। समय पर मदद ना मिलने से किसानों में शासन और प्रशासन के खिलाफ असंतोष और आक्रोश व्याप्त है।

# आईटीआई की पार्किंग से बाइक चुरा ले गए बदमाश



**जागरण, रीवा।** शहर में स्थित शासकीय आईटीआई कॉलेज की पार्किंग से अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़ित छात्र अब कॉलेज आने जाने की गंभीर समस्या का सामना भी करना पड़ रहा है। छात्र नें बाइक चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराते हुये बाइक को जल्द से जल्द बरामद करने की मांग की है, ताकि वह आईटीआई की पढ़ाई को बिना किसी बाधा के पूरी कर सके। बाइक चोरी का यह मामला शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित शासकीय आईटीआई कॉलेज का है। छात्र काशी प्रजापति के मुताबिक वह कॉलेज से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर तिलखन गांव का निवासी है। बताया गया कि छात्र रोजाना बाइक से कॉलेज आता जाता था, लेकन बीते दिवस अचानक कॉलेज परिसर में ही स्थित पार्किंग से उसकी बाइक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। फिलहाल चोरी की इस घटना के बाद से छात्र को अब ना सिर्फ कॉलेज आने जाने में दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है बल्कि उसकी पढाई में भी रुकावट आ रही है।

# पीएम के पहले मरचुरी में डि-कंपोज हुई प्रेमी युगल की डेड बॉडी



### भड़के परिजन, फ्रीजर में नहीं रखने का लगाया आरोप

### गुरुवार को होटल में मिली युवक-युवती की लाश

**जागरण, रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र के रिंग रोड में स्थित एक होटल के बंद कमरे में युवक और युवती का शव गुरुवार को मिला था। पुलिस ने शव को एसजीएमएच भिजवाया लेकिन मर्चुरी के फ्रीजर में डेड बॉडी रखने की बजाय उसे गद्दे से लिपटा कर स्टेचर में रख दिया गया जिससे दोनों के शव डीकम्पोज हो गए और दुर्गंध आने लगी। अस्पताल में शव को देखकर मृतकों के परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुये लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। आक्रोशित परिजनों ने कहां कि एक दिन पूर्व जिस स्थिति में लाशों को होटल से लाकर अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया था, दूसरे दिन वही लाशें मर्चुरी में उसी हालत में पड़ी मिलीं। परिजनों ने सवाल उठाते हुये कहा कि इतनी बड़ी अस्पताल में लाशों को रखने के लिये व्यवस्था नहीं है, जिससे सही ढंग से अंतिम संस्कार तक करने लायक डेड बॉडी नहीं बची है। शवों से दुर्गंध आने के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते हुये अस्पताल अधीक्षक कार्यालय में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई है।







# बच्ची की मौत में सौतेली मां पर मारपीट का आरोप



### चिकित्सकों की टीम ने किया पीएम, पुलिस कर रही घटना की जांच

**जागरण, रीवा।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक बच्ची की मौत पर परिजनों ने उसकी सौतेली मां पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। सौतेली मां के द्वारा मारपीट का आरोप मृतक बच्ची की दादी और उसके भाई भी लगा रहे हैं। पुलिस घटना की जांच कर वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। घटना चाकघाट के आमिलकोनी की है। बताया गया कि रागिनी साकेत पिता मनोज 7 वर्ष की बुधवार रात मौत हो गई। आरोप है कि बच्ची के साथ मंगलवार को सौतेली मां ने मारपीट की थी जिसके बाद उसकी हालत खराब हो गई थी। परिजनों ने निजी चिकित्सक के पास बच्ची का इलाज कराया था और फिर बाद में उसे घर लेकर आ गए। बुधवार रात बच्ची की घर में मौत हो गई। गुरुवार सुबह पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। बच्ची की दादी और दो भाइयों ने सौतेली मां के द्वारा मारपीट करने की जानकारी दी है। परिजनों का आरोप है कि सौतेली मां ने बच्ची को बुरी तरह से पीटा था जिससे उसकी हालत खराब हो गई थी। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। यह भी बताया गया कि बच्ची की मां रेखा साकेत की तीन साल पूर्व मौत हो गई थी और तब से बच्ची और उसके दो भाई पिता के साथ रहते थे। बाद में पिता ने दूसरी शादी कर ली और घर में सौतेली मां आ गई जो अक्सर बच्चों को प्रताड़ित कर उन्हें छोटी-छोटी बातों को लेकर पीटती थी, बच्चे उसका विरोध भी नहीं कर पाते थे। बच्ची के शरीर में कोई बाहरी चोट के निशान नहीं थे जिससे आशंका जताई जा रही है कि शरीर के अंदर मारपीट से उसको चोट आई थी जिसकी वजह से बच्ची की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने अस्पताल में तीन डाक्टरों की टीम से शव का पोस्टमार्टम करवाया है, साथ ही पूरी घटना की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण सामने आएंगे।

# महिला का कीमती बैग ऑटो में छूटा, पुलिस ने सीसीटीवी से खोजकर लौटाई मुस्कान

### सिविल लाइन थाना में पीड़िता ने की थी शिकायत



**जागरण, रीवा।** सिविल लाइन थाना में एक महिला फरियादी ने ऑटो में बैग छूटने की शिकायत दर्ज कराई थी। बैग में कपड़ों के साथ साथ सोने चांदी के जेवरात भी थे। सूचना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से ऑटो को खोजकर महिला का बैग वापस लौटाया जिससे महिला की मुस्कान लौट आई। सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिवस बस स्टैण्ड पहुंची अंजना द्विवेदी का बैग ऑटो में ही छूट गया था। महिला के मुताबिक बैग में कपड़ों के साथ साथ सोने चांदी के गहने व कुछ नकदी रुपये थे। उक्त घटना के बाद परेशान महिला ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की, जिस पर पुलिस नें गंभीरता दिखाते हुये सीसीटीवी फुटेज की मदद से ऑटो की तलाश शुरू की और कड़ी मशक्कत के बाद न सिर्फ पुलिस ऑटो चालक तक पहुंची बल्कि महिला का बैग भी बरामद कर लिया। हालांकि ऑटो चालक भी बैग को दूसरे की अमानत समझकर अपने पास सुरक्षित रखे हुए था और महिला के वापस आने के इंतजार में था। पुलिस की मदद से बैग मिलते ही फरियादी महिला की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उसने सिविल लाइन थाने की पुलिस टीम को उपहार स्वरूप भेंट देने के बाद पुलिस की जमकर सराहना भी की।






















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com